तापमान

अधिकतम 25.4 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 18 दिसंबर 2023

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]




गुरु नानक चौक से पावर हाउस जाने वाली सड़क पर जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे। स्थानीय व्यापारियों ने खुद ही इसे भर दिया।

## संडे मार्केट

# यहां बिकता है फुटपाथ, बंद दुकान के सामने की कीमत हजार से दो हजार

- सिम्स चौक से लेकर कोतवाली चौक तक लगने वाला बाजार बना सरदर्द
- दिन भर जाम की नौबत, एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड तक का गुजरना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर शहर के मुख्य मार्ग में कोरोना चौक से लेकर गोल बाजार तक लगने वाला संडे बाजार अब पूरे शहर के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव के पहले जब इन्हें पुलिस प्रशासन और नगर निगम के द्वारा बेदखल किया जा रहा था, तब शहर के लोगों ने ही इन पर मेहरबानी करके बेदखली कार्रवाई को रोक दिया था। उस दौरान सप्ताह में 1 दिन रविवार को बाजार लगाने की छूट दी गई थी लेकिन अब लगभग रोजाना ही भीड़ रहती है। हाल यह है कि सोमवार से शनिवार तक संतोष भुवन चौक से लेकर जूना बिलासपुर चौक तक सड़कों पर सामान फैलाकर कब्जा करने वाले दुकानदार रविवार को दुकान बंद रखते हैं, लेकिन उसे भी छोटे संडे मार्केट के कारोबारियों को बेच देते हैं। एक हजार से लेकर तीन हजार रुपए तक इसके लिए ले रहे हैं। इसके पीछे जरूर कोई ना कोई सेठ, साहूकार संडे बाजार की आड़ में बेजा कब्जा कर अपना धंधा कर रहा है। इस बारे में कई बार कलेक्टर, महापौर, निगम आयुक्त के साथ ही जनप्रतिनिधियों से शिकायत भी की जा चुकी है।

संडे मार्केट की परेशानी और जानकारी गोंडपारा में रहने वालों से ली जा सकती है। वहीं गांधी चौक से लेकर देवकीनंदन चौक तक मुख्य मार्ग पर संडे के दिन आना बहुत ही मुश्किल हो होता जा रहा है। तकलीफ की बात यह भी है कि सदर बाजार और गोल बाजार में सड़क किनारे तक सीमित रहने वाले संडे बाजार के बेजा कब्जाधारी अब एक ओर गांधी चौक तक वहीं दूसरी ओर सदर बाजार के आगे देवकीनंदन चौक से भी आगे बढ़ते जा रहे हैं। इसके साथ ही सिर्फ रविवार ही नहीं अब हर दिन सड़कों पर अपनी टांग पसारे रहते हैं। सवाल यह उठता है कि क्या नगर निगम ने इन बेजा कब्जा धारियों को संडे बाजार की आड़ में सप्ताह के सातों दिन बेजा कब्जा कर दुकानें लगाने की छूट दे दी है।



सिम्स चौक से मानसरोवर लॉज तक लगने वाले संडे मार्केट में कपड़े से लेकर जूते तक सभी सामान सड़क पर दुकान लगाकर बेचे जाते हैं।

### बाजार का शटर डाउन, सड़क पर दुकानें

कहने को तो रविवार को सदर बाजार बंद रहता है। दुकानों के शटर बंद मिले, लेकिन यहां की सड़क तड़के ही सज जाती है। जहां सुई से लेकर सजावट के आइटम, कॉस्मेटिक आइटम, खिलौने, कपड़े, चाइनीज लाइट समेत कई चीजों की बिक्री सस्ते दाम पर होती है। सूत्रों के मुताबिक, रविवार के दिन सड़क पर करीब 5000 दुकानें लगती हैं, ऐसे में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल रहता है। सबसे ज्यादा सड़क पर अवैध कब्जे रहते हैं। यह बाजार वसूली का जरिया भी बन चुका है। जिन लोगों की खुद की दुकानें हैं, उन्होंने अपनी दुकान के सामने की सड़क पर सामान बेचने देने के लिए हर दिन या महीने के हिसाब से रेट तय किए हुए हैं। अगर कोई पैसे देने में आनाकानी करता है तो उसे वहां से हटवा देते हैं। निगम कर्मी, पुलिस वाले भी पैसे लेते हैं।

### उठा था हटाने का मामला

सामान्य सभा में संडे मार्केट को हटाने का मामला उठा था। जनप्रतिनिधि इसके पक्ष में नहीं हैं। संडे को दुकानें बंद रहती हैं, उनकी जगह पर आम रोजमर्रा की जरूरतों की चीजों की दुकानें लगती है। गरीब मध्यवर्गीय परिवार के लोगों की जरूरत का सामान आसानी से मिल जाता है, इसलिए यह उनके लिए राहत का बाजार है। संडे को सदर में जब बाजार भरता है तो महानगरीय बाजार का नजारा रहता है। यह मार्केट की खूबसूरती है।

**- शेख नजीरुद्दीन**
निगम सभापति

### की गई शिकायत

इस बारे में एक बार नहीं कई बार मांग की जा चुकी है। कलेक्टर, निगम से शिकायत हुई है लेकिन ध्यान नहीं दिया जाता है। अब तो रविवार को नहीं बल्कि सातों दिन बाजार और जाम की स्थिति रहती है। इससे गोलबाजार में घुसना तक कई बार मुश्किल हो जाता है। इससे कारोबार तो प्रभावित हो ही रहा है गोलबाजार की जो अपनी खुबसूरती भी खराब हो रही है। इस संडे मार्केट को दूसरी जगह जल्द शिफ्ट किया जाना चाहिए।

**- मनीष सराफ,** अध्यक्ष
गोलबाजार संघ

### व्यापारी संघ ने की हटाने की मांग

ध्यान रहे कि हर रविवार को सदर बाजार से गोल बाजार तक सड़क के दोनों किनारे सैकड़ों की संख्या में दुकानें लगती हैं, जिसमें कपड़े, बर्तन, प्लास्टिक के सामान सहित घरेलू उपयोग की चीजों का बाजार लगता है। संडे मार्केट के वक्त दोपहर से रात तक इस रोड पर दिन भर जाम की नौबत रहती है। हालत यह रहती है कि एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड तक का गुजरना मुश्किल हो जाए। इस संडे मार्केट को हटाने के लिए कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई है। इसे टीएल में भी लिया गया और कलेक्टोरेट ने कार्रवाई के लिए प्रकरण नगर निगम को रेफर कर दिया। इसके बाद लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस संडे मार्केट को हटाने के लिए गोल बाजार व्यापारी संघ भी कई बार निगम प्रशासन से मांग कर चुका है। दरअसल मार्केट पिछले 20 साल से लग रहा है और इसको लेकर सदर और गोल बाजार के मूल व्यापारियों की अपनी अपनी समस्या, शिकायतें रही हैं। हालांकि संडे मार्केट से बड़ी संख्या में फुटकर दुकानदारों की आजीविका जुड़ी है, इसलिए निगम की निर्वाचित परिषद भी इस मामले में तटस्थ रही है। मामला सामान्य सभा में भी उठा था।

### दूसरी जगह मार्केट शिफ्ट करने की जरूरत



देखा जाए तो शहर में संडे मार्केट की जरूरत है। फिलहाल पूरा मार्केट मौजूदा दुकानदारों की दुकानों के सामने फुटपाथ पर लगता है। इस बाजार के लिए चौपाटी में जगह भी एलाट किया गया था लेकिन निगम की लापरवाही के कारण इसे शिफ्ट नहीं किया जा सका। फिलहाल जिन दुकानों के सामने संडे को दुकानें लगती हैं, वह उसका किराया दुकानदार को चुकाते हैं। कुछ दुकानदार कहते हैं कि वह किराया नहीं लेते। संडे मार्केट से कुछ दुकानदारों को परेशानी हो सकती है। जाम की भी समस्या है पर प्रशासन को कोई ऐसी व्यवस्था बनाना चाहिए जिससे संडे मार्केट भी चलता रहे और आम लोगों को कोई परेशानी भी न हो। भोपाल और इंदौर में कुछ सड़कों पर रात 10 बजे के बाद मार्केट लगता है। लोग चाहते हैं तो संडे मार्केट लगे पर बैरिकेड लगा कर रास्ता बंद करने, वाहनों, एम्बुलेंस को रोकने का उपक्रम बंद होना चाहिए। बाजार भी चले पर ट्रैफिक नहीं रुकना चाहिए।

## खबर संक्षेप

**गुरु घासीदास जयंती**

### सीएम साय बिलासपुर मुंगेली में आज



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार को बिलासपुर और मुंगेली जिले के दौरे पर रहेंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम साय 18 दिसंबर को रायपुर पुलिस ग्राउंड हेलीपेड से बिलासपुर के लिए उड़ान भरेंगे। वे दोपहर 12 बजे गुरु घासीदास विश्विद्यालय परिसर में उतरेंगे। यहां वे गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां से वे दोपहर 1.05 बजे लोरमी के लालपुर धाम में बाबा गुरुघासीदास जयंती समारोह में शामिल होने रवाना होंगे। यहां पर सीएम लगभग ढाई घंटे तक रहेंगे. इसके बाद 2:55 बजे हेलीकॉप्टर से जिले के ही मोतिमपुर जाएंगे। यहां पर जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 4:25 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### एयू में तीन पदों की भर्ती परीक्षा 20 व 21 को

**बिलासपुर** । अटल यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग के तीन पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा लेने जा रही है। परीक्षा प्रोग्रामर, कुलपति के निज सहायक, स्टेनो टाइपिस्ट की परीक्षा यूनिवर्सिटी 20 और 21 दिसंबर को लेने जा रही है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। उम्मीदवार अपने यूजर आईडी, पासवर्ड से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। मोबाइल नंबर पर ओटीपी के तहत भी प्रवेश पत्र डाउनलोड हो सकता है। प्रोग्रामर की लिखित परीक्षा 20 दिसंबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक एयू के कोनी परिसर में होगी। वहीं कुलपति के निज सहायक की लिखित परीक्षा 21 दिसंबर की सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। वहीं स्टेनो टाइपिस्ट की लिखित परीक्षा 21 दिसंबर को दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक होगी। यूनिवर्सिटी डाक से किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश पत्र नहीं भेजेगी। कुलसचिव के अनुसार सभी पदों पर 300 से अधिक उम्मीदवार परीक्षा देंगे।

### नि:शुल्क ट्राइसायकल वितरण शिविर कल से

**बिलासपुर।** जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसायकल एवं सुगम्य केन आदि के वितरण के पूर्व पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं मूल्यांकन करने 19 दिसम्बर से शिविर का आयोजन किया जाएगा। 19 दिसम्बर को शासकीय अंधमुक बाधिर शाला तिफरा, 20 दिसम्बर को सत्कार भवन मस्तूरी, 21 दिसम्बर को जनपद कार्यालय तखतपुर एवं 22 दिसम्बर को जनपद सभाकक्ष कोटा में शिविर लगाए जाएंगे। शिविर के प्रभारी जिला पुनर्वास अधिकारी एपी गौतम हैं। शिविर में इच्छुक दिव्यांग हितग्राहियों (80 %) को मोटराइज्ड ट्राइसायकल के लिए अपने साथ यूडीआईडी कार्ड लाना अनिवार्य है।

# उबलती खीर में गिरा छात्र, शिक्षकों ने अस्पताल की जगह भेज दिया घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी में आपस में धक्का-मुक्की होने पर एक छात्र गर्म खीर के गंजे में गिर गया, जिससे उसका हाथ गंभीर रुप से झुलस गया। स्कूल के शिक्षकों ने घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराने की जगह उसे घर भेज दिया। घर पर परिजन भी नहीं थे, जिससे छात्र की हालत बिगड़ने लगी। घटना के बारे में पता चलते ही परिजन घर पहुंचे और स्कूल जाकर जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बिल्हा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी में स्कूल प्रबंधन के आदेश पर 16 दिसंबर को महिला समूह द्वारा खीर बनाई गई। खीर बनने व भोजन पकने के बाद समूह की महिलाओं ने प्रधान पाठक को जानकारी दी और बच्चों को भोजन के लिए बुलवाने कहा। सभी बच्चे एक साथ मध्यान्ह भोजन कक्ष में पहुंच गए। इसी समय आपस में धक्का-मुक्की होने पर कक्षा तीसरी का छात्र आदित्य कुमार धीरज 9 वर्ष उबलती खीर में गिर गया। आनन-फानन में महिलाओं ने छात्र को उठाया। गिरने से छात्र का हाथ गंभीर रुप से झुलस गया। कुछ समय बाद छात्र दर्द से तड़पने लगा। शिक्षकों ने घायल छात्र को अस्पताल पहुंचाने के बजाए घर भेज दिया। मामला सामने आने के बाद ग्रामीण स्कूल पहुंचे और जमकर हंगामा मचाया। इसके बाद छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल छात्र की हालत सामान्य है।



शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी की घटना

### कार्रवाई के डर से अफसरों को नहीं दी जानकारी

शासकीय प्राथमिक शाला दोमुहानी के प्रधान पाठक व शिक्षकों ने पहले तो छात्र को बिना इलाज के घर भेज दिया। इसके बाद विभागीय कार्रवाई के डर से अधिकारियों को जानकारी तक नहीं दी। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि घटना के बारे में जानकारी नहीं है। यदि छात्र गर्म खीर में गिरा है तो जानकारी लेकर जांच करेंगे। फिर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों ने इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**- टीआर साहू,** जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर

### धक्का-मुक्की के दौरान हुआ हादसा

मध्याह्न भोजन की छुट्टी हुई उस दौरान बच्चे दौड़ रहे थे। इसी बीच तीसरी कक्षा का छात्र धक्का-मुक्की में टकराकर गिर गया। बर्तन में गर्म खीर थी, जिसमें उसका हाथ डूब गया और वह झुलस गया। इस संबंध में अफसरों को सूचना दी गई है।

**- सुनीता तिर्की,** प्राचार्य, प्राथमिक शाला दोमुहानी

## हर बोगी में दोगुने यात्री, पैर रखने की जगह नहीं

# ठंड में ट्रेनें फुल, टिकट के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्दियों की छुट्टियों से पहले बिलासपुर होकर धार्मिक नगर, हिल स्टेशनों व पर्यटन स्थलों जाने वाली तकरीबन सभी ट्रेनों में रिजर्वेशन फुल हो गए हैं। कई ट्रेनों में तो नो रूम की स्थिति बन गई हैं। सबसे अधिक रिजर्वेशन 23 दिसम्बर से 2 जनवरी तक है। सर्दी की छुट्टियों में आम जनों के साथ अधिकारी-कर्मचारी और स्टूटेंड परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए हिल स्टेशन, पर्यटन स्थलों में जाते हैं। ऐसे में रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर्स पर लंबी कतारें लग रही हैं। रेलवे के ऑनलाइन टिकट रिजर्वेशन की भी बाढ़ सी आ गई है।

आजाद हिंद एक्सप्रेस 350

हावड़ा अहमदाबाद में 395 वेटिंग लिस्ट



### 23 से 30 दिसंबर तक मिलेगी छुट्टियां

स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 21 दिसम्बर को समाप्त हो जाएंगी। इसके अलावा कई कोचिंग संस्थाओं की ओर से भी सप्ताह में पांच दिन कक्षाएं लगाई जा रही हैं। 23 व 24 दिसंबर को स्टूडेंट्स को शनिवार व रविवार का अवकाश मिल रहा है। ऐसे में स्टूडेंट भी धार्मिक व आसपास के पर्यटक स्थलों का आंनद लेने को तैयार हैं। इधर शासन ने 25 से 30 दिसम्बर तक स्कूलों में शीतकालीन छुट्टी है। ऐसे में अब सरकारी दफ्तरों में 25 से 29 दिसंबर को विभागों में भी कर्मचारी छुट्टियों के लिए सबसे अधिक आवेदन कर रहे हैं।

### इन मार्गों के ट्रेन नो रूम

दक्षिण पूर्व मध्य रेल मंडल से दिल्ली, मुम्बई, मथुरा, हरिद्वार के अलावा उदयपुर व जयपुर जाने वाली ट्रेनें फुल हो गई हैं। सबसे अधिक यात्री बिलासपुर से मथुरा मार्ग के लिए टिकट की कतारों में हैं। कई लोग टिकट न मिलने के कारण बस और कारों से मथुरा पहुंच रहे हैं। आजाद हिंद एक्सप्रेस में इन दिनों वेटिंग लिस्ट 350, हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस 395, शालीमार-लोकमन्य तिलक एक्सप्रेस 160, ज्ञानेश्वरी 115, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 92, कालिंगा उत्कल 160, हिराकुण्ड एक्सप्रेस 212 और संपर्क क्रांति में वेटिंग लिस्ट 163 पहुंच चुकी है।





जय सतनाम... जय सतनाम...
परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास जी
की 267 जयंती 18 दिसंबर की
समस्त प्रदेशवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जय सतनाम... जय सतनाम...
हे सतपुरुष, हे सतनाम, हे सतनाम
धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सतनाम सेना
धर्मगुरु गुरु खुशवंत साहेब जी
प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय सतनाम सेना
आरंग विधायक
साहूकार सतनामी
प्रदेश कोषाध्यक्ष अ.भा.स.सेना
दीपक सतनामी
ओम आर्ट, शिलालेख
दिनेश सतनामी
मीना स्टूडियो
अभय सतनामी
सरपंच प्रतिनिधि- ग्राम पंचायत पीथमपुर
जिला महासचिव अ.भा.स.सेना
उमेंद सतनामी
कार्यकारणी सदस्य अ.भा.स.सेना
सत्येन्द्र सतनामी
सदस्य अ.भा.स.सेना
संतोष सतनामी
सदस्य अ.भा.स.सेना
संजय सतनामी
कार्यकारणी सदस्य अ.भा.स.सेना
सतीश सतनामी
रोशन सतनामी
राजेश सतनामी
राज सतनामी
आशीष सतनामी
अनिश सतनामी
प्रकाश सतनामी
जिला उपाध्यक्ष अ.भा.स.सेना
जनपद सदस्य, तखतपुर
इंजी. देवेन्द्र सतनामी
आर्यन सतनामी
सिद्धू सतनामी
सनत सतनामी
शेर सिंह सतनामी
जिला अध्यक्ष अ.भा.स.सेना
आकाश सतनामी
अजीत सतनामी
आशीष सतनामी
प्रशांत सतनामी
अतीश सतनामी
जिला मीडिया प्रभारी अ.भा.स.सेना
विनीतः- अखिल भारतीय सतनाम सेना, बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### उद्योग संघ ने किया तखतपुर विधायक धर्मजीत का स्वागत



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ की ओर से तखतपुर के नवनिर्वाचित विधायक धर्मजीत सिंह का उनके निवास स्थान पर जाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, महासचिव शरद सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, सुनील मेरदा, विनोद अग्रवाल, अरविंद गर्ग, शिवकुमार अग्रवाल, राम सुखीजा, नवनीत अग्रवाल, दिनेश भूतड़ा, मुकेश अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, दिनेश शर्मा, गिरीराज, अंकुर अग्रवाल, रुनित मारदा, हनुमान अग्रवाल, हरीश टिबड़ेवाल, सतीश शाह, पुरुषोत्तम अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### बालाजी मंदिर में मां गोगादेवी की कुमकुम पूजा के साथ धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ



**बिलासपुर।** रेल्वे परिक्षेत्र एनई कालोनी स्थित श्री कोदंडा रामालयम एवं श्री बालाजी मंदिर में धनुर्मास धार्मिक अनुष्ठान पूजा का शुभारंभ रविवार को ब्रम्ह मुहूर्त में सुबह 5 बजे श्रीगोदादेवी माता का कुमकुम पूजा से किया गया। यह पूजा आने वाले 30 दिनों तक किया जाएगा। ज्ञात हो कि गोदामजी भूमि माता की अवतार है। यह वही भूमि हैं जिसका भगवान के वराह अवतार ने उद्धार किया था। भूमि देवी ने भगवान विष्णु से पूछा कि वे कैसे प्रसन्न होते हैं? तब भगवान ने कहा कि मेरी पूजा कर स्त्रोत का पाठ करने से मैं प्रसन्न होता हूं। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भूमि देवी ने गोदामजी के रूप में जन्म लिया हैं। धानुर्मास में आने वाले 30 दिनों तक मूल मूर्ति भगवान विष्णु का अभिषेकम नहीं किया जाएगा। धनुर्मास माह की पूजा करवाने के लिए लगभग 200 भक्तों ने अपना नाम, गोत्र पुजारी के पास लिखवाया है।

### महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल का सात दिवसीय एनएसएस शिविर



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई शा.उ.मा. हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय के तत्वधान में एनएसएस की छात्राओं का ग्राम हांफा में 7 दिवसीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को हाफा में पौधरोपण किया गया, जिसके संरक्षण के लिए ट्री-गार्ड भी लगया गया और पौधा के देखभाल के लिए ग्रामीणों को सौंपा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाफा के सरपंच संदीप मिश्रा रहे। उन्होंने बताया कि वृक्ष, तेज हवा से फसल की रक्षा, शुष्क हवा को आर्द्र हवा में बदल कर फसल की रक्षा, खेत की नमी में वृद्धि, किसान के मित्र जीवों संरक्षण में सहयोग एवं कृषि उत्पादन में वृद्धि व प्रकाष्ठ उत्पादन कर आय में वृद्धि करते हैं। वन, वृक्ष एवं वनस्पतियां न रहने पर धरती पर जीवन ही समाप्त हो जाएगा। धनेश कुमार द्वारा बताया गया कि एनएसएस का आदर्श वाक्य नॉट मी बट यू, लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को पुष्ट करता है कार्यक्रम डॉ. मनोज सिन्हा, कांति अंचल, राजश्री कौशिक के मार्गदर्शन में आयोजित है।

### फसल बीमा रथ को जिला पंचायत सीईओ ने दिखाई हरी झंडी



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बिलासपुर अजय अग्रवाल ने रबी फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर बिलासपुर जिला के चारों विकासखण्डों में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में एसडीएम सुभाष राज, उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर, बीमा कम्पनी के जिला प्रभारी अवनिन्द्र सिंह, तहसीलदार अतुल वैष्णव, कृषि विभाग एवं बीमा कम्पनी के अधिकारी/कर्मचारी तथा किसान उपस्थित थे। उपस्थित किसानों को सुरक्षा हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत हेलमेट प्रदाय किया गया। फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 योजना के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की अंतिम तिथ 31 दिसंबर 2023 निर्धारित की गई है। योजना में गेहूं सिंचित एवं असिंचित, चना, अलसी, सरसों इत्यादि फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को विपरीत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा आवरण में सम्मिलित करने के लिए फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारंभ किया गया है।

### पेंशन अदालत में प्राप्त मामलों का तत्काल निराकरण

**बिलासपुर।** बिलासपुर। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेशानुसार बिलासपुर मंडल में हर तिमाही पेंशन अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें पेंशन से संबंधित समस्याओ का निराकरण किया जाता है। इसी संदर्भ में मंडल कार्मिक सभाकक्ष में 15 दिसम्बर को सुबह 11.30 बजे से पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पेन्शन अदालत में 4 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक अविनाश जाधव, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आर शंकरन, पेंशन सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं आवेदकों के मध्य चर्चा के बाद रेलवे नियमानुसार सभी मामलों का तत्काल निराकरण किया गया। पेन्शन अदालत में कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीपीएस में धूमधाम से मनी चौधरी मित्रसेन की जन्म जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शून्य से शिखर के यात्री, दानवीर, शिक्षाविद्, युगपुरूष समाजसेवी प्रख्यात उद्योगपति चौधरी मित्रसेन आर्य की जन्मजयंती का आयोजन डीपीएस में बड़ी धूमधाम से किया गया।



दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में सिंधु एजुकेशन फाउंडेशन की आधारशिला रखने वाले युगीन चेतना भव्य आत्मापुरुष चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती बड़े ही गरिमामयी और धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में चौधरी मित्रसेन की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि समर्पित करते हुए मंगलदीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर संस्था में विषेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह माथ, प्रशासनिक अधिकारी आरएस मोहंती, बलवान सिंधु, अरविंद त्यागी ने श्री चौधरी की तस्वीर के समक्ष मंगलदीप प्रज्ज्वलन करते हुए माल्यार्पण एवं पुष्प समर्पित किए। संगीत विभाग से आलोक पांडे एवं संदीप चटर्जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने आराधना गीत प्रस्तुत किया।

हिसार के खंडाखेड़ी में आज ही के दिन 15 दिसंबर 1931 को चौधरी शीशराम के घर में जन्म लेने वाले देश के प्रमुख उद्योगपतियों में जिन्होंने उड़ीसा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में अपने उद्यम स्थापित करने वाले और आदिवासी क्षेत्रों में अनेक गुरुकुलों की स्थापना करते हुए समाज सेवियों में प्रख्यात चौधरी मित्रसेन आर्य ऐसे ही महात्मा थे, जिन्होंने अपने सद्कार्यों, विचारों, सिद्धांतों और दानवीरता से समाज के लिए एक बड़ा संदेश छोड़ गए कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच से भी सफलता का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। अभावों और संकटों के बावजूद दूसरों की सहायतार्थ हाथ बढ़ाए जा सकते हैं। गुरूकुल और स्कूलों की स्थापना, आर्य समाज के भामा शाह, भूकंप पीड़ितों की मदद, कारगिल शहीदों के परिजनों की सहायता, वैदिक जीवन शैली को अपनाते हुए सात्विक जीवन अपनाते हुए सामाजिक उत्थान को सारा जीवन समर्पित कर दिया। 27 जनवरी को 2011 को ब्रम्हलीन होने के बाद भी उनके कार्यों और नैतिक मूल्यों की सुगंधि आज भी हम सभी के बीच आदर्श रूप में उपस्थित है। शून्य से शिखर तक की उनकी यात्रा किसी के लिए भी प्रेरणापाथेय बन जाती है। कठोर श्रम, समर्पण और अनुशासन के बल पर लक्ष्य प्राप्ति, होठों पर बाल सुलभ मुस्कान और धीमी आवाज में बात करना, दानवीर होने के बाद भी मंच, माला व माइक के प्रचार से कोसों दूर चलने की फितरत उन्हें युगीन भव्य महामना बनाने कोई कसर नहीं छोड़ती।

संगीत विभाग से आलोक पांडे व संदीप चटर्जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल प्रस्तुति की व्यवस्था में योगदान दिया। संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती ने समस्त विद्यार्थियों और षिक्षक–षिक्षिकाओं को बधाइयाँ दीं। इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थीगण एवं शिक्षक –शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



### प्राचार्य सिंह ने चौधरी के जीवन पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम के अगले चरण में संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह ने अपने भावोद्बोधन में चौधरी साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि–'प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी, वैदिक पथ के प्रकाशपुंज, ख्यातिलब्ध उद्योगपति के अनेक रूपों में हम उन्हें याद करते हैं । आपने जहाँ निःशुल्क शिक्षा और आदिवासियों के लिए अनेक कल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन कर मानवता जगत के लिए अनुपम और अनुकरणीय कार्य किया, वह उनके महान कर्मों का जीवंत कीर्ति स्तंभ है।'

### रेलवे क्षेत्र सहित शहर के अन्य स्थानों पर अक्षत कलश यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

# शीश पर अक्षत कलश रख राम मंदिर तिलकनगर से निकली शोभायात्रा





शोभायात्रा में शीश पर अक्षत कलश लिए रामभक्त। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के लिए रविवार 17 दिसंबर को शोभायात्रा निकाली गई। तिलक नगर स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जिला संयोजक अजय सूर्यवंशी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की मूर्ति की प्रतिष्ठा होने वाली है । उन्होंने अवगत कराया कि देश भर से प्रत्येक प्रदेश 1 कारसेवक परिवार को आमंत्रित किया गया है। लगभग 7000 राम भक्तों की उपस्थिति में श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। उसी समय पर पूरे देश में स्थित मंदिरों में एवं प्रमुख स्थानों पर हनुमान चालीसा का पाठ एवं श्रीराम रक्षा स्त्रोत तथा विजय मंत्र ₹ श्रीराम जय राम जय जय राम ₹ का जाप करेंगे । इसके साथ ही साथ शाम को सभी अपने अपने घरों में दीपक जलाएंगे। उन्होंने बताया कि कि अयोध्या से लाए गए अक्षत को घर-घर पहुंचाना है। इसी कड़ी में प्रदीप देशपांडे ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 22 जनवरी को श्रीराम लला 500 वर्षों का वनवास काट कर पुनः मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। यही समय हम सभी के लिए उत्सव मनाने का है।



राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पदाधिकारी।



रेलवे परिक्षेत्र में अक्षत कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

साथ ही साथ मंच से स्वामी माधवनंद गिरी ने कारसेवकों के बलिदान को भी याद किया। उन्होंने बताया कि किस तरह कारसेवकों ने राम मंदिर बनाने में अपना अतुलनीय योगदान दिया। हम सब अपने पूर्वजों के द्वारा किए गए पुण्य प्रताप के कारण ही राम मंदिर का निर्माण देख पा रहे हैं। संबोधन के बाद कलश यात्रा तिलक नगर स्थित राम मंदिर से प्रारंभ होकर देवकीनंदन चौक, सिम्स तिराहा, गोलबाजार होते हुए हरदेव लाल मंदिर तक जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से डॉ विनोद तिवारी, रामधन रजक, प्रदीप शर्मा, महंत त्रिलोकेश्वर स्वामी, गणेश साहू, सौमित्र गुप्ता, छत्रपति, जिला संयोजक अजय सूर्यवंशी, दीपक सिंह ठाकुर, दिनेश मिश्रा, गणपति रायल, राजीव शर्मा, तारनीश गौतम, डॉ ललित माखीजा, संदीप गुप्ता, पुरणेंदु भट्ट, अभिषेक, अंकुश, संदीप सेंगर, रिंकू, रूपेश, नवल , अवधेश, श्रीमती पूनम सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिक तथा रामभक्त बड़ी संख्या में सहभागी रहे।

### रेलवे परिक्षेत्र में कलश का भव्य स्वागत

रेलवे परिक्षेत्र, एनई कालोनी में स्थित श्री कोदंडा रामालयम एवं श्री बालाजी मंदिर की ओर से तितली चौक में अयोध्या से आए अक्षत कलश का भव्य स्वागत भक्तों ने किया। यहां से शोभायात्रा के रूप में अपने-अपने शीश में अक्षत कलश रख कर मंदिर प्रांगण के मुख्य द्वार में लेकर आए एवं मंदिर के मुख्य द्वार से मंदिर के पुजारी अपने शीश में रख कर श्री राम भगवान के गर्भ गृह में स्थापना कर पूजा-अर्चना, आरती की। मंदिर के भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। भजन कीर्तन करने वालों में अरविंद कुमार, विश्वनाथ, आर मोहन राव, पापय्या, राठौर, सीबी सिंह, शामिल रहे। स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने वालों के लिए मंदिर समिति द्वारा प्रसाद में बूंदी एवं चाय-बिस्किट की व्यवस्था की गई थी।

# शिविर में 86 दिव्यांगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**बिलासपुर।** लायंस क्लब उत्कर्ष और अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निशुल्क कृत्रिम जयपुर पैर का प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। शिविर में आसपास के दिव्यांगों सहित गांवों-कस्बे दुर्ग, महासमुंद, टीटलागढ तक से हितग्राही पहुंचे थे । शिविर में कुल 86 कृत्रिम पैरों के लिए रजिस्ट्रेशन होने की जानकारी दी।

- लायंस क्लब उत्कर्ष और अभा विकलांग चेतना परिषद का संयुक्त आयोजन

शिविर का प्रथम चरण गीता देवी रामचंद्र अग्रवाल दिव्यांग अनुसंधान अस्पताल मोपका में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त संचालक जिला समाज कल्याण विभाग श्रीमती श्रद्धा मेथ्यू रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में जे पी वर्मा कालेज के प्राचार्य डॉ श्यामलाल निराला रहे । लायंस क्लब उत्कर्ष की अध्यक्ष ला. डॉ रश्मि जितपुरे ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी संस्था कई वर्षों से निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर में अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम संयोजिका ला.सुधा मारदा व क्लब के सदस्यों के सहयोग व अथक प्रयास तथा अखिल भारतीय चेतना परिषद के मदनमोहन अग्रवाल, राजेश पाण्डेय, मुरारी लाल परमार एवं दर्शन सिंह सेखो के सहयोग से ही इतनी बड़ी गतिविधि सम्पन्न हो पाती है। मुख्य अतिथि श्रद्धा मैथ्यू आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा दिव्यांग जनों की सेवा करना भी इबादत है। मुझे संतुष्टि है कि विभाग के माध्यम से में भी इस नेक कार्य से जुड़ी हुई हूं। उन्होंने समाज कल्याण विभाग से दिव्यांगों को मिलने वाली सुविधाओं, प्रशिक्षण, रोजगार, उपकरण, उनके लगने वाले शिविरों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डा निराला जी ने समाज के उत्थान के लिए सभी में मानवता की भावना आवश्यक है तथा उनके द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर एक व्हील चेयर मनोहर लाल बरसैया जी के द्वारा संस्थान को दी गई।



### जरूरतमंदों को कंबल वितरण

सभी लाभार्थियों को पी एच मुदलियार द्वारा कंबल वितरित किया गया।मदन मोहन अग्रवाल जी ने शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए उत्कर्ष क्लब के सहयोग की प्रशासन की व विकलांग चेतना परिषद के विकास में संस्था के सदस्यों के सहयोग की जानकारी दी। रा उपाध्यक्ष विद्या केडिया द्वारा आशीर्वचन दिया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब उत्कर्ष की उपाध्यक्ष ला.डॉ शकुंतला जितपुरे, भारती तिवारी, संध्या दीक्षित, कविता खत्री, टिवंकल आडवाणी व अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के पदाधिकारी गण डीपी गुप्ता, पवन नलोटिया, अजीत सिंह पनसेर, बजरंग अग्रवाल, गोविंदराम मिरी, बैजनाथ, एस वासुदेव, दर्शन सिंह, डॉ बीएल गोयल, मधु शर्मा, डॉ हिना पाठक आदि रहे। अंत में सचिव ला.वीना अग्रवाल के द्वारा सभी का आभार किया।



# चित्रकला में बच्चों ने पर्यावरण को लेकर जताई चिंता

## कहा- प्रकृति के प्रति समझें अपना कर्तव्य, दें स्वच्छता को बढ़ावा, साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में चल रहे स्वदेशी मेले में उमड़ रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में चल रहे स्वदेशी मेले में तीसरे दिन रविवार को चित्रकला व रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें दो सौ बच्चों ने उत्साह से भाग लिया एवं दी गई थीम पर्यावरण पर एक से बढ़कर एक चित्र उकेरे। कुछ प्रतिभागियों ने पर्यावरण को लेकर चित्र बनाने के साथ अपनी भावनाएं भी व्यक्त की जो कि काफी रोचक व संदेशात्मक रहा।

प्रतियोगिता प्रभारियों ने बताया कि दोनों प्रतियोगिता में डेढ़-डेढ़ घंटे का समय दिया गया था। अलग-अलग समय में होने के कारण प्रतिभागियों ने थीम पर बेहतर ढंग से चित्र उकेर कर अपनी भावनाएं व्यक्त की। सभी भावनाशील बच्चों की यही गुहार थी कि समय रहते पर्यावरण को बचाएं। अपने आसपास को स्वच्छ रखें एवं इसके लिए दूसरों को भी जागरूक करें। प्रकृति हमें बहुत कुछ देती है, इसलिए प्रकृति के प्रति भी अपना कर्तव्य समझें। 11 वर्षीय आरना पाठक का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग ज्यादातर साइकिल व बैल गाड़ी का उपयोग करते हैं। ग्रामीण अपने तालाब, कुंओं को धरोहर समझ कर कभी उसे गंदा नहीं करते हैं, पर शहरों में ऐसा नहीं है। शहर के तालाबों को बार-बार सफाई कराने बाद भी उसे पन्नी, फूल सहित अन्य चीजें फेंक कर पुनः प्रदूषित कर दिया जाता है। जबकि उसे साफ रखना हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है। वहीं वाहन भी भरपुर मात्रा में चलता है। इससे प्रदूषण ज्यादा फैल रहा है। अपेक्षा है लोग उनकी गुहार को गंभीरता से लेंगे। वह अपने चित्रकला के माध्यम से शहरवासियों के सामने यही सब बातें रखी।

निर्णायक की भूमिका में डॉ सुषमा पंडया, डॉ पिंकी गौड़, शत्रुहन सिंह चित्रकला, क्षमा सिंह व एन कल्पना रंगभरो रहीं। अंत में विधायक धरमलाल कौशिक ने मेले में ट्रैवल टूरिज्म बाजार का उद्घाटन किया। इस मौके पर भूपेंद्र सवन्नी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल उपस्थित थे। इन सभी ने मेले का अवलोकन भी किया।

### न हो प्रकृति के साथ छेड़छाड़

प्रतिभागी अंचल साहू ने अपने चित्र के बीच में हरा-हरा वसुंधरा, ये नीला-नीला गगन हमारा प्यारा देश लिखकर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करने एवं अनुष्का रजक ने पर्यावरण ही जीवन है। पृथ्वी को सुरक्षित रख अपने जीवन को सुरक्षित रखने की बात कही। बच्चों की तरफ से पर्यावरण, प्रकृति को लेकर इस तरह का आगाह करना बहुत ही सराहनीय है। इस पर विचार कर सभी को पर्यावरण बचाने आगे आना चाहिए।

### देशभक्ति के गीतों की दी गई प्रस्तुति

रविवार शाम को वाइस ऑफ बिलासपुर गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागी पलक कश्यप, मेघा पाण्डेय, यशिका प्रसाद, तनिष्क वर्मा, अभिज्ञान शुक्ला, समर्थ शर्मा, रूही पाण्डेय, अदविका यादव, देवांश यादव, समृद्धि कश्यप सहित अन्य बच्चों ने लय ताल के साथ देशभक्ति, भक्तिमय एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल बनाया। इससे श्रोता भी झूमने मजबूर हो गए। कार्यक्रम का सबसे छोटा प्रतिभागी अरूण नामदेव ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। गायन कार्यक्रम का संचालन अंकिता मेहता ने किया। निर्णायक के रूप में संदीप गुप्ता एवं अर्पिता चटर्जी उपस्थित रहीं।

### इनका रहा सहयोग

आज के कार्यक्रम में अरूणा दीक्षित, नीता श्रीवास्तव, किरण मेहता, अन्नपूर्णा तिवारी, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, मीनाक्षी बोबर्डे, किरण सिंह, प्रभा बाजपेयी, अर्चना कर्डेकर, जया धर, गीता रजक, स्वाती गुप्ता, मनीषा तिवारी, बिंदु सिंह कुशवाहा, सौम्या सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।



ट्रैवल टूरिज्म बाजार का उद्घाटन करते विधायक धरमलाल कौशिक।



स्वदेशी मेले में चित्रकारी करते मासूम कलाकार।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धा महिला मंडल ने 270 निविदा कामगार श्रमिकों को दी मच्छरदानी



**बिलासपुर।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल ने 16 दिसंबर को एसईसीएल में कार्यरत 270 निविदा कामगार श्रमिकों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए मंडल अध्यक्षा पूनम मिश्रा के कर कमलों से मच्छरदानी व खाने के पैकेट भेंट किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्षा ने कहा कि उनके श्रमदान, सहयोग से सभी का हर कार्य आसान हो जाता है। उन्होंने डेंगू-मलेरिया से बचाव के साथ साथ प्लास्टिक निषेध की हिदायतें भी दी। इस मौके पर संगीता कापरी, सुजाता खमारी, बबिता गुप्ता, प्रियंका श्रीवास्तव, स्मिता निगम, पूनम सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, संगीता शुक्ला मौजूद रही। सारा कार्यक्रम नेहरू शताब्दी के तुलसी उद्यान में संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्षा ने सभी कामगारों को क्रिसमस और नए साल की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की।

### विधि विशेषज्ञों ने मानवाधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने 16 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया। इस दौरान अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव ने मानवाधिकारों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विभाग प्रमुख डॉ. अजय सिंह और प्रो सुधांशु रंजन मोहपात्रा के साथ राजीव श्रीवास्तव ने मानवाधिकारों की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने मुक्तिदाता महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए 'नील आंदोलन' के माध्यम से नागरिक और राजनीतिक मानवाधिकारों की महत्वपूर्णता पर विवेचना की। श्री श्रीवास्तव ने सामाजिक और आर्थिक मानवाधिकारों की प्रशासनिक और सामाजिक पहलुओं को भी महत्वपूर्ण बताया। साथ ही शिक्षा के समावेशन की आवश्यकता पर बल दिया। महिलाओं की आजादी और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व पर चर्चा की और संविधान के प्रस्तावना को समझाया।

### चंद्रा समाज ने विधायक अमर को ऐतिहासिक जीत की दी बधाई



**बिलासपुर।** चंद्रा विकास समिति के सदस्यों ने रविवार को नगर विधायक अमर अग्रवाल का उनके निवास जाकर पुष्पगुच्छ भेंट कर ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। इससे बाद चंद्रा विकास समिति की बैठक समिति के भवन में संपन्न हुई। बैठक में नव वर्ष मिलन एवं वार्षिक मिलन कार्यक्रम के तिथि में संशोधन करते हुए रविवार 14 जनवरी 2024 निर्धारित की गई। इसी प्रकार आगामी बैठक 26 जनवरी 2024 को सुबह 10.30 बजे गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण के बाद सुनिश्चित किया है। बैठक में माह फरवरी 2024 में होने वाले साधारण सभा की बैठक की तिथि एवं निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने निर्वाचन अधिकारी नियुक्ति के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष श्यामलाल चंद्रा, राधेलाल, गोपी, गणेश, कन्हैया, लक्ष्मण, गणपत, राजेंद्र देव, कंचन, भुनेश्वर, रामकुमार, केआर कृष्ण कुमार, महिला अध्यक्ष श्रीमती हेमा राजेश्वरी लखेश्वरी, राजकुमारी, रोशनी, भुवनेश्वर, राम कुमारी आदि बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

### कान्य कुब्ज समाज ने उपमुख्यमंत्री साव का किया स्वागत



**बिलासपुर।** कान्य कुब्ज ब्राम्हण समाज ने स्वदेशी मेला में उप मुख्यमंत्री अरुण साव का स्वागत शाल, श्री फल व फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित एवं उनके साथ आशीष शुक्ला, प्रभात मिश्रा, कृष्ण मोहन पान्डेय, धीरज बाजपेयी, अरुणा दीक्षित, दीप्ति बाजपेयी आदि उपस्थित रहे।

### तालापारा में गार्डन, ओपन जिम बापू की कुटिया का लोकार्पण




**बिलासपुर।** तालापारा रामजनी बाबा दरगाह परिसर आश्रय स्थल में गार्डन, ओपन जिम, बापू की कुटिया का लोकार्पण महापौर रामशरण यादव व सभापति शेख नजीरुद्दीन ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभापति ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के लिए गार्डन, सेहत बनाने ओपन जिम और बापू की कुटिया की सौगात नगरनिगम दे रहा है। इस अवसर पर अजय यादव, सराफत, मिर्जा रज्जाक बड़े, गोस, पीताम्बर मनहर, मजहर मौलाना, अर्जुन सिंह, वसी, सैय्यद महमूद, हाजी महबूब, मिर्जा नियामत, मजीद, जहांगीर मौलाना, कलीम, संध्या सहारे, राहुल पारेख, नीतू बंजारे, सब्बू, समीम निजामी, बंटी तिवारी, मिस्बाही, आदिल, शेख निजम्मुदीन, जावेद, गुड्डा, अनुराग और बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

सक्ती-झाराडीह विद्युतीकृत नई लाइन का किया निरीक्षण

## रेलवे सेफ्टी आयुक्त ने नई चौथीलाइन का लिया जायजा

**बिलासपुर।** इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और ट्रेनों को गति देने मंडल में नई रेललाइन, तीसरी लाइन और चौथीलाइन का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा स्टेशनों के बीच 206 किमी विद्युतीकृत चौथीलाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत सक्ती-झाराडीह स्टेशनों के बीच 9.7 किमी विद्युतीकृत नई चौथीलाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है। लाइन बिछाने के बाद इंटरलाकिंग सहित सम्पूर्ण कार्य पूरा होने के बाद एसई सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने इस चौथी नई लाइन का निरीक्षण किया। रविवार को उक्त लाइन का जायजा लेने रेलवे सेफ्टी आयुक्त बीके मिश्रा निरीक्षण दल के साथ सक्ती स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन, पैनल रूम तथा यार्ड का निरीक्षण किया और अधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद इस चौथी नई लाइन का सक्ती स्टेशन से झाराडीह स्टेशन तक मोटर ट्राली निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पैनल रूम, इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, ओएचई लाइन, सिग्नलिंग उपकरण के साथ ही साथ परिचालन एवं संरक्षा से जुडे सभी पहलुओं का गहन अध्ययन तथा निरीक्षण किया साथ ही अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके बाद झाराडीह से सक्ती स्टेशन तक आब्जर्वेशन कार से स्पीड ट्रायल किया गया। आयुक्त, रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद इस नई चौथीलाइन पर निर्बाध रूप से सवारी एवं मालगाड़ियों का परिचालन प्रारम्भ होगा, जिससे परिचालन में गतिशीलता आएगी। उनके साथ गए निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर सहित निर्माण विभाग, मंडल तथा मुख्यालय के संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी शामिल थे।



केंद्रीय रेल मंत्री ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दो रेल कर्मवीरों को किया सम्मानित

## अमिताभ व प्रमोद को अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार

**बिलासपुर।** केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 15 दिसंबर को देश भर के विभिन्न जोन-मंडलों, उत्पादन इकाइयों और रेलवे पीएसयू के 100 रेलवे कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया है। जिसमें दपूमरे के 2 रेलकर्मी वरिष्ठ अनुभाग अभियंता पीपी यार्ड भिलाई अमिताभ चौधरी तथा रेलवे सुरक्षा बल गोंदिया के आरक्षक प्रमोद कुमार शामिल थे। उन्होंने रेलवे कर्मचारियों के बीच उत्कृष्ट सेवाएं एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए 21 शील्ड भी प्रदान की। जिसमें दपूमरे को बेस्ट ट्रांसपोर्टेशन के बेहतर प्रबंधन के लिए "ट्राफिक ट्रांसपोर्टेशन शील्ड" तथा रॉलिंग स्टॉक के बेहतर प्रबंधन के लिए बेस्ट 'रॉलिंग स्टॉक शील्ड' से सम्मानित किया गया। पुरस्कार-शील्ड नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित 68वें रेलवे सप्ताह केंद्रीय समारोह में प्रदान किए गए। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री जया वर्मा सिन्हा ने विजेताओं से कहा कि रेलवे भारत को 'विकसित भारत' या एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विजेताओं से कहा कि रेलवे से लोगों की उम्मीदें अब पूरी हो रही हैं। आप सभी राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं और मुझे आशा है कि आप भविष्य में भी इसी तरह इसी दक्षता, प्रेरणा और समर्पण के साथ काम करते रहेंगे। रेलमंत्री ने 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित होने वाले दपूमरे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता पीपी यार्ड भिलाई के अमिताभ चौधरी ने अपने कर्तव्य का भलीभाँति निर्वहन करते हुए लगभग 2500 वैगन में तय सीमा से पहले ट्विन पाइप जैसे जटिल कार्य को पूरा किया जो कि संरक्षित रेल परिचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




## सीवीआरयू को फिक्की ने प्रदान किया यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज : बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय को 9वीं फिक्की हायर एजुकेशन एक्सीलेंट एवार्ड 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर-स्टेब्लिस्ड प्रदान किया गया है। फिक्की एवार्ड उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता पुरस्कार है। यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में श्रेश्ठ कार्य करने एवं उच्च षिक्षा के क्षेत्र में उत्कृश्ट योगदान देने के लिए डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया है। दिल्ली में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने यह एवार्ड प्राप्त किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि 9वीं फिक्की हायर एजुकेशन एक्सीलेंट एवार्ड 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ द इयर-स्टेब्लिस्ट प्रदान किया गया है। इसके लिए पूर्व निर्धारित उच्च षिक्षा और षिक्षा की गुणवत्ता के बिंदुओं पर जानकारी ली जाती है। सभी बिंदुओं पर खरा उतरने के बाद विश्वविद्यालय का चयन किया जाता है। डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के सभी मापदंडों पर खरा उतरा है। इसके बाद विशेषज्ञों की टीम ने देशभर के विश्वविद्यालयों का सर्वे के बाद डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय का नाम चयनित किया है। श्री शुक्ला ने बताया कि इस एवार्ड को प्रदान करने दिल्ली में विशेष समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर के शिक्षाविद् और विचारकों ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि बड़े ही गौरव की बात है कि देश का प्रख्यात 9वीं फिक्की हायर एजुकेशन एक्सीलेंट एवार्ड 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ द इयर प्रदान किया गया है। खास बात यह भी है कि यह अवार्ड विश्वविद्यालय को यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर-स्टेब्लिस्ड केटेगरी में प्रदान किया गया है। इसके लिए देश के 15 से अधिक उच्च षिक्षा संस्थानों ने दिल्ली में प्रेजेंटेशन दिया था। डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय की ओर कुलसचिव गौरव शुक्ला ने विश्वविद्यालय का प्रेंजेंटेश्शन दिया था और विश्वविद्यालय की अकादमिक और प्रशासनिक जानकारी साझा की थी। विश्वविद्यालय मध्य भारत का सबसे बड़ा और गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने वाला विश्वविद्यालय है। आदिवासी अंचल में स्थापित विवि विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय सुविधा प्रदान कर रहा है।

सीवीआरयू को छत्तीसगढ़ में निजी क्षेत्र में पहला विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। इतना ही नहीं यहां के उतीर्ण विद्यार्थी आज भारत के साथ साथ दुनिया के कई देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

**9वीं फिक्की हायर एजुकेशन एक्सीलेंट एवार्ड 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ द इयर-स्टेब्लिस्ड चुना गया**



- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने प्रदान किया गया
- विश्वविद्यालय के लिए गौरव का पल- कुलसचिव



### सक्षम महिला आयाम की महिलाओं को सिखाया गया साइन लैंग्वेज

**बिलासपुर।** सत्य साईं हेल्प वे मूक बधिर कन्या स्कूल सरकंडा में संयोजिका ममता मिश्रा के मार्गदर्शन में सक्षम संस्था महिला आयाम की महिलाओं को साइन लैंग्वेज सिखाया गया। इसमें अनामिका नायक, दीपिका मिश्रा, शालिनी विशाल, शांति यादव, सुनीता गुप्ता, रेखा ध्रुव, सावित्री केशरवानी का सहयोग रहा। इस आयोजन में गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के बच्चे भी शामिल हुए। राष्ट्रीय संगठन सक्षम सेवा संस्थान की महिला आयाम प्रमुख शेफाली घोष ने महिलाओं को साइन लैंग्वेज सीखने के लिए प्रेरित किया और बताया कि हर महीने दो दिवसीय निःशुल्क क्लास करवाया जाएगा। बीच-बीच में बच्चों के साथ बैठकर साइन लैंग्वेज भी सीखेंगे और बच्चों की भावनाओं को हम समझेंगे और उनके माता-पिता को भी साइन लैंग्वेज सीखने के लिए प्रेरित करेंगे और सिखाएंगे। इस दौरान एक मूक बधिर बच्ची वैभवी का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया।




## श्रद्धापूर्वक मना गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस स्कूली बच्चों को किया गया स्वेटर वितरण

**बिलासपुर।** सिखों के नवे गुरु गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस गुरु तेग बहादुर स्कूल में शिक्षण समिति के समस्त पदाधिकारी व शिक्षकों और बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर ज्ञानी सरवन सिंह ने पाठ कर अरदास किया। इसके बाद जरूरतमंद बच्चों को समिति की ओर से स्वेटर वितरण किया गया। वहीं ज्ञानी सरवन सिंह द्वारा प्रसाद बांटा गया।

इस अवसर पर शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल ने गुरु की वाणी पर विचार करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर विश्व इतिहास में धर्म व मानवता मूल्य आदर्श एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में अद्वितीय हैं। गुरु जी ने कहा कि सफलता कभी अंतिम नहीं होती, विफलता कभी घटक नहीं होती। इनमें जो मायने रखता है वह साहस है। एक सज्जन व्यक्ति वही है, जो अनजाने में किसी की भावनाओं को ठेस ना पहुंचाए, गलतियां हमेशा क्षमा की जाती है। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह चरण सिंह, कमल सिंह, सोहल, कमल, जबल, गुरप्रीत भगत, कर्म सिंह, निशी गुप्ता, मनदीप कौर, कुलदीप कौर, अंजली मिश्रा, सुरभि चंदेल, पल्लवी शुक्ला, प्रतिभा यादव, अमलीडू मुखर्जी, विवेक नायक, प्रकाश शेष, मीनाक्षी शर्मा, प्रमिला साहू, गीता दवे, सपना व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।



### औरंगजेब के आगे झुके नहीं, हिंदू धर्म को बचाने गुरु तेग बहादुर ने दी थी कुर्बानी

श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद में सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी पर्व बड़े ही श्रद्धा एवं भावना पूर्ण मनाया गया। हिंदू धर्म को बचाने के खातिर गुरु तेग बहादुर ने अपने आप की कुर्बानी दी। वह हिंद की चादर ही नहीं बल्कि समस्त मनुखता की चादर बने। औरंगजेब द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए उन्हें बहुत सी यातनाएं दी गई और वह अपने धर्म में पक्के रहकर अपना शीश देने के लिए तैयार हो गए। साथ साथ तीन गुरुसिख जो उनके साथ दिल्ली आए थे उन्होंने भी महान शहीदी में उनका साथ दिया। उन महान शहीदों की शहादत को याद करते हुए गुरुद्वारा साहिब में दो दिनों से कीर्तन दरबार और रविवार को दोपहर में विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। कीर्तन दरबार गुरबचन सिंह अमृतसर वालों द्वारा एवं कथा विचार हेड ग्रंथी मानसिंह एवं भाई बलबीर सिंह द्वारा सजाया गया, जिसकी समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर भी वारताया गया। इस शहीदी पर्व को मनाने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी दयालबंद के सभी सदस्यों, पंजाबी युवा समिति, पंजाबी सेवा समिति, खालसा सेवा समिति, पंत प्रचारक कमेटी, स्त्री सत्संग, श्री सुखमणि साहिब सर्किल, आदर्श महिला समिति के सदस्य, गुरमत ज्ञान समिति के सदस्य सभी कार्यरत रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

2022......./ब-121/2021-22

पुष्कर प्रसाद साहू विरुद्ध छ.ग. शासन

ग्राम सरगांव

**- / / ईश्तहार/ /-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम सरगांव प.ह.नं. 12 तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवे. पुष्कर प्रसाद साहू पिता बोधराम साहू निवासी सरगांव तहसील सरगांव जिला मुंगेली राज्य (छ.ग.) द्वारा ग्राम सरगांव प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नं. 1715/2 का टुकडा रकबा 12 डिसमिल एवं 1915/2 का टुकडा 2977 वर्गफुट भूमि जिस पर निवास मकान एवं बाडी स्थित है। यह कि आवेदक के पक्ष में दिनांक 16/10/2020 को वसियतकर्ता धनसिंह साहू पिता लोकनाथ साहू द्वारा उप पंजीयक कार्यालय मुंगेली एस आर के समक्ष उपस्थित होकर नियमानुसार गवाहों के साथ वसियतनामा दिनांक 16/10/2020 को आवेदक पुष्कर प्रसाद साहू के पक्ष में निष्पादित किया है। राजस्व दस्तावेजों के आधार पर वसियतनामा का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हों, वे अपना आपत्ति/दावा इस न्यायालय में दिनांक 26/12/2023 को समय 03:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति/दावा पर इस न्यायालय में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सरगांव**

**आम सूचना**

मैं तर्शीश पॉल पिता सुक्रान्त पॉल सूचना प्रकाशित करता हूँ कि श्री शैलेश देवांगन पिता जागेश्वर प्रसाद देवांगन कि भूमि ग्राम पेण्डारी पटवारी हलका नम्बर 47 पर तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 733/5 में का 900 sq. feet प्लॉट नम्बर 52 का रजिस्ट्री सात दिवस के अंदर क्रेता के नाम पर निष्पादन किया जाना है इस भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा /आपत्ति हो तो मेरे मोबाईल नम्बर 9753370310,8319253329 में सम्पर्क करें।

सात दिवस के बाद कोई भी दावा/आपत्ति नजायज माना जाएगा।

सूचनार्थ सो जाने

**तर्शीश पॉल**
**-: पता :-**
**शरन नगर तखतपुर,**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**पिन - 495330**
**मो.9753370310,831925339**

### बाल अधिकार व पॉक्सो एक्ट पर स्कूली बच्चों को दी जानकारी

**बिलासपुर।** जिला कलेक्टर अवनीश शरण के मार्गदर्शन में यूनिसेफ द्वारा जिले के सभी ब्लॉक में बाल अधिकार एवं पॉक्सो एक्ट विषय पर स्कूली बच्चों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला को जिला प्रशासन 'यूनिसेफ' छत्तीसगढ़ वी द पीपल फाउंडेशन और सीजी एग्रीको समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमें पुलिस डिपार्टमेंट बिलासपुर और महिला बाल विकास विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग दी गई। कार्यक्रम 11 से 14 दिसंबर तक ग्राम खोंगसरा, केंदा, घुटकू, रानीडेरा, दर्रीघाट, लोहार्सी सोन, चकरभाटा जैसे ग्रामों के स्कूलों में यूनिसेफ द्वारा कार्यशाला आयोजित कर समाज में बच्चों के साथ होने वाले अत्याचार के बारे में उनके अधिकारों के बारे में समझाया।



Health Town

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रबन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### भरनी में आज से लगेगा तीन दिवसीय मेला

**सकरी।** समीपस्थ ग्राम भरनी के त्रिकोण स्थल सतधाम में अमृत कुंड गुरुगद्दी जैत स्तंभ स्थापित है जहां प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार से गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय मेला शुरू होगा।

## निधन

### सुरभि परमार



**बिलासपुर।** रॉयल पैलेस के पीछे सूर्या विहार कालोनी सरकंडा निवासी सुरभि परमार का रविवार 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सरकंडा स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सौरभ महेश भाई परमार 'गोल्डी' की पत्नी व रौनक भाई परमार, हनीष परमार की भाभी थीं।

### राम लाल ध्रुव



**तखतपुर।** ग्राम पाली निवासी राम लाल ध्रुव 70 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पाली में किया गया। वे नगर पालिका के राजस्व अधिकारी गेंदराम ध्रुव, ताराचंद ध्रुव के पिता थे।

### पं. उमादत्त तिवारी



**बिलासपुर।** प्रताप चौक डबरीपारा निवासी पं. उमादत्त तिवारी का 76 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 18 दिसंबर को दोपहर 1 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुशांत एवं शिशिर तिवारी के पिता थे।

### चंद्रकला देवी



**बिलासपुर।** कुदूदंड चांदनी चौक निवासी श्रीमती चंद्रकला देवी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राजकुमार सिंह, शिव सिंह, अरुण सिंह (अधिवक्ता), मनोज सिंह (प्राचार्य पीजीबीटी महाविद्यालय) अश्विनी एवं सुबोध की मां थीं।

### सकरी नगर सहित परिक्षेत्र के ग्रामीणों ने किया नवनिर्वाचित विधायक का आतिशी स्वागत

# तखतपुर होगा भय-आतंक से मुक्तः धर्मजीत









**सकरी।** तखतपुर विधानसभा में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के बाद प्रथम आगमन पर जनसभाओं में अपना विचार रखते हुए उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से नवाजे गए धर्मजीत सिंह ने कहा कि मैं वचन देता हुं कि यह क्षेत्र भय, भ्रष्टाचार और आतंक से मुक्त रहेगा। जन जन का सम्मान होगा जनता के भावना और उनके मांग के अनुकूल क्षेत्र के विकास के लिए मैं कटिबद्ध हूं। आप लोगो ने सेवक चुना है मैं सच्चा सेवक बनने का शत - प्रतिशत प्रयास करुंगा। नव निर्वाचित धर्मजीत सिंह का उसलापुर, सकरी, पेंडारी, काठाकोनी, भीलौनी, देवरी, खम्हारिया, लाखासार - सागर मोड़ सहित गांव गांव में आतिशी स्वागत हुआ। उसलापुर में पूर्व जनपद सदस्य दारा सिंह ठाकुर, निलेश सिंह ठाकुर एवं अशोक ठाकुर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। सकरी नगर के बाजार पारा में मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया, सौरभ पाण्डेय एवं पूर्व अध्यक्ष रवि मेहर के नेतृत्व में 41 पंडितों ने नव निर्वाचित विधायक का मंत्रोचारण के साथ राज तिलक किया। कार्यक्रम में अशोक ठाकुर, राजकमल साहू, मनोज साहू, दीपमाला कुर्रे, भुनेश्वरी महोबिया, रामकली मेहर, लक्ष्मी साहू, विजय लक्ष्मी शर्मा, सरोज केरकेट्टा, सहित बड़ी संख्या में नागरीकजन उपस्थित थे। बाजार के पास से पूर्व पार्षद मनोज सोनकर एवं रामकिशोर पप्पू साहू के नेतृत्व में रैली निकालकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान अनिल कौशिक, अवतार मानिकपुरी, संजय यादव, सुरेश यादव, राजेश यादव, अक्षय श्रीवास, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित थे। नगर में आगे विजय जुलूस का स्वागत गार्जियन एण्ड गाईड स्कूल के पास दरस पनिक, सूरज मिश्रा, संजय पाल, प्रकाश पाल, बसंत रजक, दौलत रजक, रशीद खान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। वन चेतना केन्द्र के सामने पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में परसदा सरपंच संतराम लहरे, पेंडारी सरपंच लक्ष्मी खांडे, तुर्काडीह सरपंच संतोष पटेल, भाड़म सरपंच सीताराम सिंगोर, जितेंद्र गोलू दुबे, पूर्व सरपंच संतोष दुबे, भोलानाथ तिवारी, बिरज यादव, समलपुरी सरपंच राजेश कौशिक, सूरज सोंचे, रुद्र दत्त तिवारी, सुशील सूर्यवंशी, विजय भौमिक, रितेश दुबे, हारून रशीद के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान नेवरा विक्कू ठाकुर, पड़ीपार विजय कुमार, दुर्गेश कुमार, बजरंग, रामलाल गढ़ेवाल, छतौना रतनलाला सूर्यवंशी, बिसाहू राम अनंत, मुकेश कुमार, पांड भोलाराम सूर्यवंशी, अर्जुन सूर्यवंशी, मोहित लाल, श्रवण, अनिल नागराज, देवकरण चंद्रपाल, बहतराई से बुधराम कौशिक, आदि मौजूद थे। भिलौनी देवरीखुर्द खम्हरियां चौक में भी धर्मजीत का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भिलौनी के उपसरपंच खेल कुमार लहरें, अधिवक्ता मनीष कौशिक, खम्हरियां सरपंच बबला मरावी, क्रांतिकारी गोस्वामी, गंगा मानिकपुरी, पन्ना यादव, किशन पाड़े, गोरे यादव, मालिक राम यादव, बिहारी पटेल, बद्री कौशिक, केतन कौशिक, मनोज कौशिक, शैलेन्द्र ध्रुव, जय शंकर चौबे, धरम कौशिक सहित अन्य मौजूद थे।

### सर्वसेन समाज ने किया धर्मजीत का स्वागत

**तखतपुर।** विधायक निर्वाचित होने के बाद प्रथम बार क्षेत्र पहुंचने पर धर्मजीत सिंह का जरौंधा में सर्वसेन समाज के जिलाध्यक्ष अश्वनी श्रीवास के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीमा श्रीवास, शंकर लाल पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, गंगा राम साहू, डां श्रीवास, सुखीराम श्रीवास, कमलेश कौशिक, जगत राम साहू, संतोष साहू, दिनेश साहू, नरेश साहू, रामझुल साहू, राजेंद्र साहू, दुखीराम श्रीवास, दुर्गा साहू, गुलाब श्रीवास, बद्री रजक, अनिल शर्मा, संतोष साहू, कुशल कैवर्त, वेद कैवर्त, राजकुमार पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मसीही समाज ने निकाली क्रिसमस रैली व झांकी

**तखतपुर।** मसीही युवा वेलफेयर एवं डेवलपमेंट समिति द्वारा क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया। जिसमें शाम 4 बजे मिशनकम्पाउण्ड चर्च से झांकी निकाली गई जो बंगलापारा स्थित पुष्पावाटिका में समापन हुआ। इस झांकी में यीशू मसीह के आदर्शों और संदेशों से संबंधित बातों को दिखाई गई तथा उनके कहीं बातों को बताया गया इस झांकी में आसपास क्षेत्र भथरी, जरहागांव, मोतिमपुर, खपरी, शांतिपुर, बांधा, कोटा, बरेला, पेण्ड्रीडीह, अमोरा, नवापारा, केंवटाडीह, पथरिया के साथ साथ तखतपुर की ग्रामीण कलिशिया और मसीही जन शामिल हुए तथा सभी खीष्ट जन्मोत्सव के अवसर पर इस झांकी में शामिल हुए। झांकी महाराणा प्रताप चौक, संगम नगर, पुराना बस स्टैण्ड, बजरंग नगर, नया बस स्टैण्ड होते हुए वापस पहुंचीं। झांकी का संगम नगर में नगरपालिका उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह के द्वारा तथा पुराना बस स्टैण्ड पर कांग्रेसीयों के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर आशीष दान, पास्टर आशीष वानी, शिप्रा सामुएल, अनिता दास, एम हीराधर, संकेत सामुएल, समित सामुएल, अनिल मसीह, अभिषेक मसीह, सपनदास, संजीव प्रकाश, मनीष प्रसाद, अमरजीत पन्ना, प्रीतम सिंह, आशीष मसीह, ऋतुराज बसंल, निलेशदान, एम के हीराधर, सागर मसीह, जेआर पाल, प्रवीण दयाल, नवीन दयाल, विपिन दयाल, अमित एंड्रुज, गोमेद दास, ज्ञान एंड्ुज, आनंद मसीह, पीके जुलियस, डां संदीप चरण आदि मौजूद थे।

## खिलाड़ी खेल के साथ शिक्षा को बनाएं जीवन में हथियार

**सीपत।** एससीसी क्रिकेट क्लब सीपत के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा का शुक्रवार को फाइनल मैच

- पौंसरा को मात देकर कोटमीसोनार की टीम ने किया ट्रॉफी पर कब्जा

हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर व विशिष्ट अतिथि शिक्षक मेलाराम साहू, नवागांव सरपंच वेदप्रसाद टेंगवर, द्रव्येश गुप्ता, हरिकेश गुप्ता, पंच विनोद यादव, दिलहरण श्रीवास, डॉ संतोष साहू थे। फाइनल मैच में कोटमीसोनार ने पौंसरा टीम से जीत हासिल की। आयोजन को सफल बनाने में टील्ली वर्मा रवि कश्यप विनोद कश्यप आकाश जायसवाल अजय मुकेश



सरवन राजा अखिलेश भारद्वाज सूरज आशीष लक्ष्मी राजेंद्र सहित समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने कहा कि खेल अनिश्चितताओं का खेल है। खिलाड़ी लक्ष्य को साधकर पूरे जुनून व आत्मविश्वास के साथ खिलाड़ी भावना से खेलें। विशिष्ट अतिथि शिक्षक मेलाराम साहू ने कहा कि हार असफलता नही बल्कि एक अवसर है फिर से अडिग होकर मेहनत करने की।



### ताइक्वांडो स्पर्धा में दी डिफेंस क्लब के बच्चों ने दिखाए जौहर

**सीपत।** नेशनल ताइक्वांडो स्पर्धा देहरादून उत्तराखंड में सम्पन्न हुई। स्पर्धा में डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका के बच्चों ने शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अयांश प्रताप सिन्हा को ब्रांज मैडल, रिया भट्टाचार्य को ब्रोंज मेडल मिला। वही ख्वाहिश पत्ते, आरुष सिन्हा, श्रेयांश रत्नाकर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए मैडल अर्जित की। नेशनल खेलकर उनके वापसी होने पर रेलवे स्टेशन बिलासपुर में उन प्रतिभाओं का रैफरी बोर्ड के चेयरमैन प्रदीप यादव व संचालक कोच सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने उनका स्वागत किया।

### बाल भारती के तीन बच्चों स्केटिंग स्पर्धा ने सीपत का बढ़ाया मान







**सीपत।** रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में बाल भारती विद्यालय सीपत की कक्षा दूसरी की छात्रा अलीशा सिंह ने 500 मीटर ,1000 मीटर व रोडलैप के प्रत्येक वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने विद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन किया है। बता दें कि अलीशा सिंह का चयन 61 वें राष्ट्रस्तरीय स्केटिंग खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है जो कि 15 से 25 दिसंबर तक चेन्नई में होने वाली है। वहीं कक्षा दसवीं की छात्रा तनीषा साहू ने 30 नवंबर से 3 दिसंबर 2023 तक देहरादून में आयोजित राष्ट्रस्तरीय बालिका वर्ग ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर अपने विद्यालय एवं बिलासपुर जिले का मान बढ़ाया है। कक्षा दसवीं की छात्रा दीया आहूजा ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर बड़ोदरा गुजरात में होने वाली अंडर 17 बालिका वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने बच्चों की सराहना की।

### गोला फेंक प्रतियोगिता में पुरुषोत्तम ने जीता गोल्ड मैडल



**तखतपुर।** राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्राम बेलसरा तखतपुर विधान सभा के खिलाड़ी पुरुषोत्तम ने भाग लिया ।इस प्रतियोगिता में पुरुषोत्तम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है ।खेल का आयोजन 10 से 12 दिसम्बर तक बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में आयोजित किया गया था। पुरुषोत्तम ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल किया। पुरुषोत्तम के पिता बेदप्रसाद एवं माता श्रीमति रजनी उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करते रहे।



## खबर संक्षेप

### गुरू घासीदास जयंती महोत्सव मेला आज से

**बिलासपुर।** बाबा गुरूघासीदास की जयंती महोत्सव व विशाल तीन दिवसीय मेला का आयोजन 18 दिसंबर से भरनी में शुरू होगा। समिति के अध्यक्ष उमादत्त धिलहरे ने बताया कि विगत 51 वर्ष से लगातार 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक सत के नव ज्योति को पूरे विश्व के कोने-कोने में बिखेरने वाले बाबा गुरूघासीदास जी के जयंती महोत्सव व विशाल मेला प्रतिवर्षानुसार 18,19 और 20 दिसंबर को तीन दिवस के लिए तपोभूमि ग्राम भरनी में आयोजित किया जा रहा है।

### 10 दिन में गुम हुए 43 बालक-बालिका बरामद

**बिलासपुर।** पुलिस ने 10 दिन में अन्य राज्यों में पतासाजी कर गुम हुए 43 बालक, बालिकाओं को बरामद कर परिजन के हवाले कर दिया है। आईजी अजय यादव ने रेंज के सभी जिलों में गुम बालक, बालिकाओं की पतासाजी कर परिजनों को लौटाने विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया गया है। एसपी संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम बालिकाओं के पतासाजी के लिए पुलिस टीम ने कोलकाता, कटनी एवं अन्य राज्यों में तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से दबिश देकर 10 दिनों में 43 बालक, बालिकाओं को पतासाजी कर बरामद किया है और उन्हें परिजन के हवाले किया गया है। 20 नवंबर से अब तक 67 गुम बालक, बालिकाओं को पतासाजी कर परिजन को सौंप दिया गया है। कुछ मामलों में नाबालिग को भगाने वाले आरोपियों के खिलाफ धारा 366, 376, 4, 6 पाक्सो एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### गिरोह बनाकर चोरी कर रहे थे नाबालिग

**बिलासपुर।** चार नाबालिग गिरोह बनाकर चोरी करने के बाद एक



महिला को चोरी का सामान दे रहे थे और महिला चोरी का सामान बेच रही थी। क्राइम ब्रांच ने महिला एवं 4 नाबालिगों को पकड़कर तीन चोरी का खुलासा करते हुए चोरी का सामान बरामद किया है। पिछले दिनों इमलीपारा स्थित एक दुकान का सब्बल से ताला तोड़कर गल्ले से 15 हजार रुपए नकद, 10 हजार का सामान चोरी कर लिया गया था। सीसीटीवी फुटेज में दो नाबालिग चोरी करते साफ नजर आ रहे थे। फुटेज के आधार पर क्राइम ब्रांच ने एक नाबालिग की पहचान कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती बरतने पर उसने एक अन्य नाबालिग के साथ दुकान में चोरी करना स्वीकार चोरी कर चोरी का माल सकरी गोकुलधाम घुरू निवासी सरिता यादव 35 साल के पास रखना व उसके द्वारा बेचकर खपाना बताया। टीम ने सरिता यादव व अन्य नाबालिग को पकड़कर चोरी का दुकान में हुई चोरी का सामान बरामद किया है। इसी तरह पकड़े गए दो अन्य नाबालिगों ने उसलापुर गीता पैलेस के पास एक सूने मकान व एक अन्य मकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से दो सोने की अंगूठी, लाकेट, कान की बाली, नथनी, चांदी के जेवर 13 हजार रुपए नकद, मोबाइल व चोरी में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की गई है। वहीं नाबालिगों के द्वारा जांजगीर चांपा जिले में भी चोरी करना स्वीकार किया गया है। सिविल लाइन पुलिस ने महिला व दो नाबालिग एवं सकरी पुलिस ने दो नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# निजी संस्थानों में काम कर रहा बायोमैट्रिक्स, सरकारी में कहीं नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के 40 से ज्यादा छोटे-बड़े निजी संस्थानों के कार्यालयों में नियमित उपस्थिति दर्ज करने बायोमैट्रिक सिस्टम तो लगाया गया लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण शासकीय कार्यालयों में यह सिस्टम लागू नहीं हो पा रहा है।

■ प्रशासनिक उदासीनता के कारण शासकीय कार्यालयों में लागू नहीं हो रहा सिस्टम

इसी कारण सरकारी कर्मचारी अधिकारी अपनी मर्जी से आफिस पहुंच रहे हैं तो कभी भी निकल जा रहे हैं। किसी का कोई टाइम नहीं है। इनकी मनमानी रोकने कुछ साल पहले आफिसों में बायोमेट्रिक सिस्टम लगा था। कोरोना के कारण उसे भी दो साल पहले बंद कर दिया गया है। ऐसे में मेनुअल हाजिरी होने से इन सरकारी अधिकारियों- कर्मचारियों पर कोई लगाम नहीं है। ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने आम जनता के कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए लोक सेवा गारंटी अधिनियम लागू किया है। अहम बात यह है कि समय पर कार्यालय पर आने पर दूर लोक सेवा गारंटी के प्रकरण लंबित होने पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। हालांकि राजस्व विभाग में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आने वाले कार्यों की पेंडेंसी कम करने निरस्तीकरण का हल निकाल लिया गया है। सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की आवाजाही पर लगाया गया बायोमैट्रिक पहरा वर्तमान समय में ध्वस्त हो चुका है। कर्मचारी बायोमैट्रिक मशीन के बजाए मैनुअल तरीके से ही उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जिससे यह मशीनें पूरी तरह से शोपीस बनकर ही रह गई हैं। कुछ साल पहले लगभग सभी जिला स्तरीय कार्यालयों में यह मशीन लगा दी गई थी। साथ ही सभी कर्मियों की उंगलियों के निशान भी लिए गए थे। आदेश दिया गया था कि सभी कर्मचारी जब कार्यालय पहुंचे तो मशीन में उंगली के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराएं। शासन की भी मशीनें लगाने के पीछे मंशा थी कि सरकारी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे और फिर शाम को समय पर ही कार्यालय छोड़े। शुरुआती दौर में तो यह व्यवस्था ठीकठाक चली। उच्चाधिकारियों के शिकंजा कसने पर कर्मचारियों ने बायोमैट्रिक मशीन के जरिए उपस्थिति दर्ज करानी शुरू भी कर दी थी लेकिन धीरे-धीरे समय बढ़ता गया तो कर्मचारी भी पुराने ढर्रे पर आने लगे।






मोबाइल पर ऑनलाइन अटेंडस की प्रक्रिया दिखाता कर्मचारी, इनसेट में बायोमैट्रिक अटेंडेंस एप।

### धूल खा रही बायोमेट्रिक मशीन



ध्यान रहे कि राज्य सरकार ने लाखों रुपए खर्च करने के बाद सरकारी विभागों में बायोमेट्रिक मशीन लगाई थी। ताकि अधिकारी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंच कर काम शुरू कर दें। आम लोगों के काम पर ध्यान दे सकें। इस मशीन का उपयोग लेकिन कुछ माह तक ही किया गया। इसके बाद किनारे कर दिया गया। पहले की तरह अधिकारी कर्मचारी मनमुताबिक कार्यालय पहुंचते हैं। अब बायोमेट्रिक मशीन धूल खा रही है।

### बायोमैट्रिक के लाभ

■ स्टाफ की ट्रैकिंग और निगरानी आसान हो जाती है और उनकी गणना आसान हो जाती है।

■ भारी रजिस्टरों और स्प्रेड शीटों की आवश्यकता के बिना उपस्थिति रिकॉर्ड आसानी से बनाया जा सकता है।

■ एक बटन के स्पर्श पर समेकित और श्रेणी-वार रिपोर्ट तैयार हो जाती है। जिससे वेतन रेकार्ड बनाने में सहूलियत होती है।

■ उपस्थिति का विश्लेषण त्वरित और सटीक हो जाता है, दैनिक, मासिक, वार्षिक और श्रेणी-वार रिपोर्ट और रुझान सचित्र या ग्राफिकल प्रारूप में डैशबोर्ड पर दिखाई देते हैं।

### कम्प्यूटर फर्म में बायोमैट्रिक सिस्टम

गांधी चौक स्थित कम्प्यूटर फर्म के संचालक ने बताया कि 10 सालों से बायोमैट्रिक सिस्टम लगा है। कोरोना के बाद भी एक साल तक सिस्टम लागू नहीं किया गया था, जिसके कारण उपस्थति तो प्रभावित हुई। इसके साथ ही निर्धारित टारगेट में भी पिछड़ रहे थे। फिर बायोमैट्रिक सिस्टम से उपिस्थति शुरू हुई। अब बेहतर परिणाम आ रहे हैं। इसके साथ सिरग्टि्टी स्थित फैक्ट्री के संचालक के मुताबिक बायोमैट्रिक सिस्टम बीते 7 वर्षों से है। जब पहली शिफ्ट के कर्मचारी आते हैं तभी दूसरे शिफ्ट की छुट्टी होती है। इसलिए यह सिस्टम अनिवार्य है। इससे कर्मचारियों द्वारा ली गई छुट्टियों की रिकॉर्डिंग, साथ ही आधे दिन, देर से चेक-इन, ओवरटाइम या अतिरिक्त दिन की भी गणना आसान हो जाती है।

### शुक्रवार से गायब, सोमवार दोपहर में वापसी

सरकारी कर्मचारियों को शासन ने हफ्ते में दो दिन की छुट्टी दी है। यह छुट्टी आम नागरिकों के लिए जी का जंजाल बन गई है। शासन ने शनिवार-रविवार की छुट्टी देने के साथ ये शर्त रखी कि अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे अपने काम पर पहुंच जाएंगे और शाम को 6 बजे तक आफिस में रहेंगे। किसी भी आफिस में इसका पालन नहीं हो रहा है। कर्मचारी शुक्रवार की दोपहर से ही गायब हो जाते हैं और सोमवार की दोपहर के बाद लौटते हैं। हर सोमवार को हालत यह रहती है कि किसी भी कार्यालय में सुबह 10 बजे अफसर, कर्मचारी नहीं दिखते।

### बायोमैट्रिक शुरू कराने पहल की जा रही

अधिकारी-कर्मचारियों के देर से आने की कहीं कोई शिकायत तो नहीं है। शासकीय कार्यालयों में बायोमैट्रिक सिस्टम पूरी तरह व्यवस्थित नहीं हो पाया है। कोराना काल के बाद इसे बंद कर दिया गया था। इसे फिर से शुरू कराने के लिए पहल की जा रही है।

- **शिव बनर्जी**, अतिरिक्त कलेक्टर

## पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति तक का संवर रहा जीवन: अमर

# संकल्प शिविर में उमड़ी हितग्राहियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की कड़ी में रविवार को दूसरे दिन बिलासपुर शहर में दो अलग-अलग स्थानों में शिविर का आयोजन किया गया। पहला शिविर सुबह 9 बजे से 1 बजे तक आदिवासी छात्रावास जरहाभाटा और दूसरा शिविर शासकीय बहुउद्देशीय स्कूल दयालबंद में आयोजित किया गया। जिसमें 5047 नागरिक शिविर में पहुंचे। इस दौरान केंद्रीय योजनाओं की जानकारी नागरिकों ने लिया और योजनाओं का लाभ उठाया।

■ दूसरे दिन शिविर में पांच हजार से अधिक लोग हुए शामिल

दोनों शिविर के मुख्य अभ्यागत रहे बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब कहा था कि मेरी सरकार देश के गरीबों को समर्पित होगी और इस बात को उन्होंने साकार किया है। आज देश के करोड़ों गरीब परिवारों के पास आवास है। उज्जवला योजना के ज़रिए महिलाओं को गैस देकर उन्हें धूएं से मुक्ति दिलाया है। कोरोना काल में नुकसान उठाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि के ज़रिए फिर से ऊपर उठाया जा रहा है। आयुष्मान योजना से करोड़ों लोगों को मुफ्त में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये शिविर लोगों के कल्याण के लिए है, छूटे हुए लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर विधायक श्री अमर अग्रवाल ने शिविर में लगे स्टाल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से चर्चा भी।



गवर्नमेंट स्कूल में फार्म भरने और जमा करने उमड़ी हितग्राहियों की भीड़।



शिविर में महिला हितग्राहियों से योजना के संबंध में चर्चा करते विधायक अमर अग्रवाल।

### शिविर में सैकड़ों हितग्राहियों ने कराया पंजीयन

शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 587, आयुष्मान कार्ड के लिए 617, आधार कार्ड के लिए 480 प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 427 लोगो ने पंजीयन कराया। शिविर में 1123 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। शिविर में विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत, नल-जल मिशन, पीएम आवास योजना, स्टार्टअप योजना, मुद्रा लोन योजना, पीएम स्वनिधि योजना जैसी केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई व लाभ लेने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराई गई। शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हे शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है, जिसका लाभ अब उन्हें मिलेगा।

### आज लाल बहादुर स्कूल और घोड़ादाना स्कूल में शिविर

सोमवार 18 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंडित लालबहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह और और दोपहर 1.30 बजे से शाम 6 बजे तक घोड़ादाना स्कूल तालापारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया है।

## खूंटाघाट से पिकनिक मनाकर लौट रहे थे स्कूली बच्चे

# बच्चों से भरी गाड़ी को मारा टक्कर, पांच स्टूडेंट घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खूंटाघाट से पिकनिक मनाकर स्कूली बच्चों को लेकर लौट रहे स्कूली वेन के चालक ने रांग साइड में गाड़ी घुसाकर स्कार्पियो को टक्कर मार दी। हादसे में एक शिक्षक व 5 बच्चों को चोट आई है। वही दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। घायलों को इलाज के लिए रतनपुर अस्पताल ले जाया गया है।

■ वेन चालक ने रांग साइड में स्कार्पियो को ठोंका

रतनपुर टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, जांजगीर जिला के पामगढ़ ड्रीमलैंड स्कूल के करीब 20 बच्चों को लेकर शिक्षक स्कूली वेन क्रमांक सीजी 11 डीएच 0227 में पिकनिक मनाने के लिए रतनपुर खूंटाघाट डेम आए थे। शाम 6 बजे खूंटाघाट घूमने के बाद शिक्षक बच्चों को वेन में बैठाकर वापस पामगढ़ जाने के लिए निकले। स्कूली वेन को चालक पाली निवासी मनीष साहू चला रहा था। टीआई श्री राठौर ने बताया, वेन चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए हाइवे 130 खैरखुंडी के पास रांग साइड में गाड़ी घुसाकर स्कार्पियो क्रमांक सीजी 22 जी, 1564 को टक्कर मार दी। हादसे में वेन में चालक, एक शिक्षक व 4 बच्चों को चोट आई है। वहीं दोनों गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। हादसे के बाद स्कूली बच्चों में कोहराम मच गया और चीखते चिल्लाते रहे। आसपास के लोगों के द्वारा वेन से बच्चों को बाहर निकाला गया है। सूचना मिलते पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंच गई। घायलों को इलाज के लिए रतनपुर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया।





# मंगला सड़क चौड़ीकरण के लिए जारी होगा डीपीआर, कलेक्टर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या संकरी सड़क से जल्द ही रहवासियों को निजात मिलने वाली है। डेढ़ किमी के बचे हुए हिस्से में चौड़ीकरण के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में रविवार को नवनिर्वाचित बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत के साथ समस्याग्रस्त सड़क का जायजा लिया और चौड़ीकरण के संदर्भ में आवश्यक चर्चा की। जिसके बाद निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने नगर निगम के मुख्य अभियंता को सड़क का सीमांकन कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए डीपीआर समेत चौड़ीकरण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

■ बाजार और खेल मैदान के लिए स्थान का चिन्हांकन किया जाएगा

आज सुबह 7 बजे बेलतरा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सुशांत शुक्ला मंगला क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत और निगम के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मंगला के आजाद चौक के पास काफी लंबे समय से अटके सड़क चौड़ीकरण के कार्य को लेकर आ रही समस्या के संदर्भ में बेलतरा विधायक ने निगम कमिश्नर से चर्चा किया। चर्चा के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने निगम कमिश्नर से चौड़ीकरण में आ रही मकान और जमीन की समस्या का निराकरण कर जल्द ही सड़क चौड़ीकरण का कार्य निगम द्वारा प्रारंभ करने को कहा। ज्ञात है कि लंबे वक्त से मंगला के इस मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का काम रुका हुआ है जिसके कारण क्षेत्र के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आजाद चौक के पास घंटों जाम रहता है। सड़क चौड़ीकरण हो जाने से आए दिन लगने वाले जाम और दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी और आवागमन सुरक्षित और सुगम होगा।



मंगला क्षेत्र का निरीक्षण करते बेलतरा विधायक सुशांत व निगम कमिश्नर दुदावत।

### बिना सूचना के बंद होती रही बिजली

**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा बिना सूचना के बिजली बंद कर दी जा रही है, गोल बाजार जोन के अंतर्गत रविवार को निर्माण व मेंटनेंस कार्य कराया गया। बताया जा रहा है कि लखीराम आडोटोरियम के पास ट्रांसफार्मर बदलने के लिए विभाग ने तत्काल ही बिजली लाइनों की सप्लाई बंद कराई जिसके चलते घंटे भर बिजली बंद कर दी गई, इसी प्रकार तेलीपारा और मेडिकल काम्प्लेस के पास मरम्मत के लिए भी बिजली बंद कर दी गई थी, विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कई बार तकनीकी दिक्कतों के साथ शेड्यूल लेना मुश्किल हो जाता है ऐसे में त्वरित कार्य के लिए घंटें भर का ही शेड्यूल लिया जाता है, लेकिन मोबाइल पर मैसेज पहुंचने में समय लग सकता है, जबकि उपभोक्ताओं को परमिट के साथ ही मैसेज भेज दिया जाता है। दिन में एक के बाद एक घंटे भर बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशान हुए।

# पीड़ित ने कहा- हथौड़ा मारकर सिर फोड़ा, पुलिस ने एफआईआर में लिखा-लोहे की वस्तु से मारपीट

**बिलासपुर।** फरियाद लेकर थाने गए युवक ने पुलिस को बताया पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने हथौड़ा से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया है। इधर पुलिस ने हथौड़ा से हमला की बजाए लोहे की वस्तु से मारपीट करने की बात लिखकर साधारण मारपीट का मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

तालापारा मिनीमाता नगर निवासी अरूण लहरे पिता स्व. राजाराम लहरे ने बताया कि वे 16 दिसंबर को पत्नी मुस्कान लहरे को कैफे शाप से लेकर अपने घर जा रहे थे। रात 10.50 बजे मोहल्ले के विक्रम किराना दुकान में उनकी पत्नी सामान लेने के लिए रूक गई। वे थोड़ा आगे बढ़कर पत्नी का इंतजार करते खड़े थे। इसी दौरान सोनू चतुर्वेदी, अनिश चतुर्वेदी उसके पास आकर पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए सोनू ने हाथ मुक्का व अनिश ने हाथ में रखे हथौड़े से हमला कर सिर फोड़ दिया। खून से लथपथ होकर उन्होंने अपने एक परिचित के घर में जाकर जान बचाई है। श्री लहरे ने घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ सधारण मारपीट की धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### अधिकारियों ने नहीं सुनी पीड़ित की बात

श्री लहरे ने बातचीत के दौरान बताया, उन्होंने थाने में उपस्थित पुलिस अधिकारी को हमलावरों के द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट कर हथौड़ा से सिर पर हमला करना बताया, किन्तु पुलिस अधिकारी ने उनकी बात नहीं सुनी और अपने मन से एफआईआर में लोहे की वस्तु से मारपीट करना लिख दिया है।

### हथौड़ा से मारना नहीं बताया

पीड़ित मारपीट की रिपोर्ट लिखाने थाने आया था। उसने हथौड़ा से हमला करने की जानकारी नहीं दी है, इसलिए लोहे की वस्तु से मारपीट करना लिखा गया है। वह अपने बयान में हथौड़ा से हमला होना बताएगा तो यह भी जोड़ दिया जाएगा।

-**प्रदीप आर्या**, सिविल लाइन टीआई

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# 26 तक ओपीएस-एनपीएस विकल्प अपलोड करना अनिवार्य

**बिलासपुर।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ द्वारा कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 26 दिसम्बर तक समय-सीमा निर्धारित किया गया है। इस सिलसिले में जिले के वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने परिपत्र जारी कर सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री राज ने बताया है कि ऐसे प्रकरण जिनमें ओपीएस या एनपीएस चयन के लिए निर्धारित समय-सीमा में विकल्प प्रस्तुत कर दिया गया है, किन्तु कार्मिक संपदा में अपलोड नहीं किया जा सका है। उन प्रकरणों को परीक्षण के बाद कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने जिला कोषालय अधिकारी को अधिकृत किया गया है। यह कार्य विशेष अभियान के तहत आगामी 26 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। संबंधित समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### समर्थ महिला जागृति समिति ने वितरित किए गर्म कपड़े



**पेंड्रा।** समर्थ महिला जागृति समिति के सौजन्य से कस्तूरबा गांधी छात्रावास गौरेला की सौ बालिकाओं को गर्म स्वेटर प्रदत्त किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल, सचिव मीना शर्मा, कोषाध्यक्ष शिल्पा जैन, संरक्षिका सत्यभामा गोयल, गुलाब द्विवेदी, रेखा राजपूत, कविता थदलानी, ज्योति शुक्ला, विद्या राठौर, बीनू जैन, शिवानी जलान, रुपा पोद्दार, रचना जायसवाल, निशा पाण्डेय, दुर्गा गुप्ता, नीलम गुप्ता, ज्योति तिवारी, स्वप्निल पवार एवं छात्रावास की अधीक्षका सरिता टोप्पो शिक्षक ज्योति क्षत्रिय उपस्थित रहे। समिति की अध्यक्ष सचिव एवं संरक्षिका के द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य,शिक्षा , धर्म, सेवा,परोपकार, से जुड़ा नैतिक ज्ञान दिया गया। छात्रावास अधीक्षक एवं शिक्षिका के द्वारा समिति का सम्मान एवं आभार के साथ सराहना की गई।

### डीएवी स्कूल में धूमधाम से मनी गुरु घासीदास जयंती



**पथरिया।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली पेंड्री में प्रतिवर्ष के तरह इस वर्ष भी संत गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु घासीदास की प्रतिमा पर पुष्प तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम गीत, नृत्य,फैंसी ड्रेस, ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ लोकनृत्य पंथी का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चो ने बढ़ चढ़ भाग लिया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख समीर मंडल सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिनका सभी ने आनंद उठाया। संस्था प्राचार्य समीर मंडन ने कहा कि गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंचनीच, झूठ-कपट का बोलबाला था, बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। बाबा ने समाज के लोगों को प्रेम और मानवता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय की परंपरा के अनुसार शांति पाठ करा कर प्रसाद वितरण कर किया गया।

### राममंदिर निर्माण के लिए पहुंचे अक्षत कलश का हुआ स्वागत



**गौरेला/पेण्ड्रा।** अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पहुंचे अक्षत कलश का गौरेला नगर में भव्य स्वागत किया गया। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के जनसरोकार एवं जनजागरण हेतु अयोध्या से आए अक्षत कलश को पेण्ड्रा राममंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ नगर भ्रमण के बाद गौरेला लाया गया जिसका भव्य स्वागत तहसील चौक में कर गौरेला नगर भ्रमण कराया गया। ढोल नगाड़ों के साथ भव्य आतिशबाजी कर कलश यात्रा का जगह जगह फूल बरसाकर एवं आरती उतारकर स्वागत किया गया। नगर भ्रमण के पश्चात अक्षत कलश की स्थापना गौरेला रेस्ट हाउस रोड स्थित राम जानकी मंदिर में की गई। इस अवसर पर गौरेला पेण्ड्रा के समस्त सर्व हिन्दू समाज के जन, धर्मजागरण विभाग के पदाधिकारियों के साथ आरएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

### प्राथमिक शाला भवन जमकोर में लगा आरोग्य मेला



**मुंगेली।** आरोग्य सखी प्रोजेक्ट के माध्यम से प्राथमिक शाला भवन जमकोर में आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें संगम मेम्बर किशोरी बालिकाएं और बच्चे भाग लिए। महिलाओं को पौष्टिक आहार संतुलित भोजन की जानकारी दी गई। आरोग्य मेला में बीपी, ब्लड शुगर की जांच की गई। स्वच्छ घर अभियान और मोर गांव स्वच्छ गांव विजेताओं को आरोग्य सखी प्रोजेक्ट के तरफ से पुरस्कृत किया गया। आरोग्य मेले में ग्राम जमकोर, देवरी, सुरीघाट, कंतेली, उमरियां से महिलाओं एवं बालिकाएं सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में स्कुल के प्रधान पाठक राजेंद्र प्रसाद यादव, आरोग्य सखी प्रोजेक्ट के मैनेजर पुरषोत्तम कुलदीप, सपना मानिकपुरी, प्राची, मैरी, राजेश लहरे, अजय श्रीवास, मोहित, ग्राम के सरपंच गौरी मरकाम, महिला समूह के अध्यक्ष कल्याणी मानिकपुरी के उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## आवागमन के लिए आम जनता को उठानी पड़ रही परेशानी

# जिला निर्माण के 12 साल बाद भी नहीं मिल रही सिटी बस की सेवा

*मुख्यमंत्री के आगमन पर मांग रखेंगे ग्रामीण व जनप्रतिनिधि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिलेवासियों को सिटी बस जैसी मूलभूत सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय का दर्जा मिले लगभग 12 वर्ष पूर्ण होने को है, लेकिन जो सुविधा जिले के यात्रियों को वर्षों पहले प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी जानी चाहिए थी, वह आज भी नहीं मिल पाई है। मुख्यमंत्री के आगमन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सिटी बस चलाए जाने की मांग मुख्यमंत्री से करेंगे।

जिला बनने के बाद जहां मुंगेली नगर का विस्तार हुआ है सुविधाएं नहीं बढ़ पाई है। जिससे आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर से 3 किलोमीटर दूर जहां कलेक्ट्रेट आफिस का निर्माण किया गया है। वही लगभग 10 किलोमीटर दूर जिला पंचायत कार्यालय और 8 किलोमीटर दूर लाईवलीहूड कालेज के अलावा इंजीनियरिंग महाविद्यालय, आईटीआई, जवाहर नवोदय विद्यालय, साइंस कालेज की दूरियां भी लगभग 5-10 किलोमीटर के बीच में है। जहां आने-जाने में आम जन के अलावा छात्र-छात्राओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि मुंगेली से रायपुर रोड पर पण्डरभट्ठा से टेमरी, चकरभठा होते हुए फास्टरपुर-सेतगंगा होते हुए वापस मुंगेली, मुंगेली से करही कलेक्ट्रेट से गीधा तहसील कार्यालय, धरमपुरा जिला पंचायत कार्यालय, आरटीओ कार्यालय होते हुए जरहागांव, बरेला से पथरिया होते हुए सोनपुरी, गितपुरी होते हुए वापस मुंगेली, मुंगेली से संगवा, सुरदा, जमकोर लाईवलीहूड कॉलेज, रोजगार पंजीयन कार्यालय, आईटीआई होते हुए कंतेली, मनोहरपुर होते हुए लोरमी तक, लोरमी से लालपुर, कोदवा से गीधा होते हुए जरहागांव से मुंगेली मार्ग पर चार सिटी बस चलाए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। जिले में सिटी बस का संचालन होने से बड़े शहरों की तरह जिले के यात्रियों को बस के सफर में कम किराया देना पड़ेगा और यात्रीगण सस्ते में सुगम यात्रा कर पाएंगे। लेकिन जिले में सिटी बस का संचालन अब तक नहीं होने से यात्री महंगे दाम पर सफर कर रहे हैं। वहीं त्यौहारी सीजन और शादी सीजन में तो यात्रियों को बस के अंदर जबरदस्ती ठूंस-ठूंस कर भरे जाते हैं, जिसके कारण महंगे दाम देने के बावजूद भी यात्रियों को सुगम यात्रा नसीब नहीं होती। जो यात्रियों की मजबूरी ही उनके शोषण का कारण बनता है। जिला बनने के बाद आम नागरिकों की मांग पर सिटी बस सेवा शुरू करने के लिए बसों की स्वीकृति मिली थी।

### आर्थिक हानि उठा रहे ग्रामीण

जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैए एवं सत्ता बदलने के पश्चात यह सुविधा प्रारंभ नहीं हो पाई। पथरिया, लोरमी जैसे दूरस्थ गांव से आने वाले लोगों को इन जगहों तक पहुंचने के लिए जहां जद्दोजहद उठानी पड़ती है वही आर्थिक क्षति भी होती है। जिले में ऑटो का संचालन तो किया जा रहा है किन्तु ऑटो चालकों की मनमानी पर भी प्रशासन का शिकंजा नहीं है। ग्रामीण लोगों को किराए के रूप में अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है। रामगढ़ स्थित जिला अस्पताल के पहुंच मार्ग जर्जर होने के साथ-साथ अबूझमार्ग होने के कारण लोगों को परेशानी होती है। साथ ही लगभग 9 किलोमीटर दूर जिला पंचायत होने के कारण लोगों को असुविधा होती है।

### भाजपा शासन में बंधी आस

स्थानीय विधायक एवं पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नूलाल मोहले इस दिशा में लगातार विधानसभा से लेकर अधिकारियों तक सिटी बस संचालन की बात रखते रहे। पूर्व में भाजपा शासन काल में स्वीकृत सिटी बस का संचालन कांग्रेस सरकार में नहीं हो पाई। सत्ता परिवर्तन एवं पुनः भाजपा की सरकार आने पर क्षेत्रवासियों को पुनः सिटी बस चालू होने की आस बंधी है। जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेष पाठक ने जिला मुख्यालय से चार अलग-अलग मार्गों पर सिटी बस सेवा शुरू करने की मांग की है। जिससे कम खर्च पर संबंधित जगहों पर पहुंचा जा सके और आर्थिक क्षति कम हो। इस संबंध में मुख्यमंत्री के जिले में प्रवास पर चर्चा की जाएगी।



## सीएम के आगमन की तैयारियों का अफसरों ने लिया जायजा

**मुंगेली।** गुरुघासीदास जयंती 18 दिसंबर के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दौरे के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का जायजा लेने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। बिलासपुर रेंज के आईजी अजय यादव, कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह आज जिले के मुंगेली ब्लाक के ग्राम मोतिमपुर-अमरटापू धाम और लोरमी ब्लाक के लालपुर पहुंचे।18 दिसंबर को गुरुघासीदास जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दौरे के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का जायजा लिया और गरिमामय आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आईजी श्री यादव ने कार्यक्रम स्थल में बैठक व्यवस्था, पेयजल, बेरिकेटिंग, हेलीपेड सहित अन्य तैयारियों का अवलोकन किया और पार्किंग, वाहन व्यवस्था, कानून व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम सुश्री आकांक्षा शिक्षा खलखो, लोरमी एसडीएम प्रवीण तिवारी, पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## जेसीज स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला




**मुंगेली।** जेसीज पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में अशोका एमबीडी ग्रुप के सहयोग से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के शिक्षकों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अशोका एमबीडी ग्रुप के सहयोग से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जेसीज पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सुनील पांडेय का कहना है कि, इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के बीच नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जागरूकता पैदा करना है और इसकी बारीकियों को पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ-साथ समग्र विकास से परिचित कराना था। सत्र का संचालन श्रीमती सुकन्या बर्मा के द्वारा किया गया जो कि दिल्ली से हैं और पेशे से एक उत्साही शिक्षाविद और एक सॉफ्ट स्किल ट्रेनर और 21वीं शताब्दी की सुविधादाता ट्रेनर के रूप मे कार्य कर रहीं हैं। सुकन्या अशोका एमबीडी ग्रुप के टीचर ट्रेनर के रूप मे कार्यरत हैं।

## कन्नौजे रजक सेवा समिति मनाएगी संत गाडगे जयंती



**दगोरी।** कन्नौजे रजक सेवा समिति बिलासपुर की बैठक रविवार को सामुदायिक भवन जरहाभाठा में हुई। बैठक में संत गाडगे जयंती चकरभाठा संत गाडगे चौक में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस वर्ष संत गाडगे की जयंती धूमधाम से बड़े स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कन्नौजे रजक सेवा समिति के जिलाध्यक्ष नारद रजक ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि संत गाडगे जयंती मनाने के लिए मुख्यमंत्री के साथ मंत्रिमंडल को भी निमंत्रण दिया जाएगा। 23 फरवरी को संत गाडगे जयंती का आयोजन चकरभाठा रहेगी संत गाडगे चौक में किया जाएगा। इस अवसर पर श्रवण रजक, डॉ. प्रदीप निर्णेजक, जय रजक, उतरा रजक, वीरेंद्र रजक, संतोष रजक, निर्मल रजक, विनोद निर्मलकर, गंगा प्रसाद रजक, टीकाराम निर्णेजक, डॉ,शोभाराम रजक, तरुण रजक, भागबली रजक, रामेश्वर रजक, किशोर रजक, रामेश्वर निर्मलकर, दाऊ राम, सन्त कुमार, राजकुमार रजक एवं स्वजाति बंधु उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास जयंती पर निकली शोभायात्रा



**सेतगंगा/मुंगेली।** संत बाबा गुरु घासीदास की जयंती पूर्व शासकीय महाविद्यालय फास्टरपुर से बाबा गुरु घासीदास मंदिर सेतगंगा तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।गुरु घासीदास के आदर्शों व संदेश को प्रदर्शित करते हुए डीजे के धुन में युवा एवं युवतियों थिरकते हुए नजर आए। गाजे-बाजे के साथ पंथी नृत्य करते हुए शोभायात्रा नागोपहारी चौक, पंडित चौक, फास्टरपुर, तालम, खैरा सेतगंगा होते हुए गुरु घासीदास मंदिर में समापन हुआ। जहां मंदिर में बाबाजी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। समाज के अनुयायियों द्वारा शोभायात्रा का जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर नेम सिंह बोगी बारमते, विनोद टंडन, गोविंदा रात्रे, शाहिल सोनवानी, हरिशंकर बंजारा, गया प्रसाद, यनजीत, नागेश, मनीराम, यश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कटरा व आमाडोब से भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**भर्रीडांड़।** जनपद पंचायत मरवाही के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत कटरा और गौरेला जनपद पंचायत के आमाडोब में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया।

ग्राम पंचायत कटरा के शासकीय हाई स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मरवाही विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भारत सरकार द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत-मोदी सरकार की गारंटी वाले प्रचार रथ के माध्यम से प्रदर्शित महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित चल चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके साथ ही लोगों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के हितग्राहियों से किए गए वर्चुअली चर्चा एवं हितग्राहियों से योजनाओं के लाभ लेने के बारे में ली गई फीडबेक को सुना और देखा।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत और स्कूल बच्चों द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम दाहिरे, परियोजना निदेशक जिला पंचायत (डीआरडीए) कौशल प्रसाद तेंदुलकर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रिया गोयल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा जिला, अनुभाग एवम खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



### विधायक मरपच्ची ने दिलाई देश की रक्षा की शपथ

विधायक श्री मरपच्ची ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई। विधायक और कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास पर आधारित स्टालों का अवलोकन किया और योजनाओं एवं लाभार्थियों की जानकारी ली।

## डीईओ ने ली बैठक, किया स्कूलों का निरीक्षण



**पथरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी ने शासकीय हाईस्कूल कन्या, इग्नाइट अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक शाला पथरिया, कन्या मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला चोरभट्ठी, का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखंड के 40 संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की बीआरसी भवन में बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किए जाने वाले गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर से प्रत्येक विकास खंड के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। श्री बेदी ने उपस्थित सभी संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों इस कार्यक्रम में सफल आयोजन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए संकुल स्तर पर प्राचार्य नोडल एवं संकुल समन्वयक सहायक नोडल होंगे। बैठक में एडीपीओ अजय नाथ भी उपस्थित रहे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा रुपरेखा पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। हाई स्कूल व हायर सेकेन्डरी परीक्षा के तैयारी के लिए संकुल प्रचार्यो को विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। कार्यक्रम का संचालन विकास खंड स्त्रोत समन्वयक अशोक यादव ने किया। बैठक में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रविपाल राठौर प्राचार्य एस. पी. उपाध्याय, अनिल गोविन्द, आर. के. नागेश्वर, विनोद पाण्डेय, श्यामसुंदर ध्रुव, महेतरू राम नेताम, सुरजीत टंडन, तरुण गेंदले, अब्दुल अलीम खान संकुल समन्वयक मोहित खाण्डेय, भगवती मिश्रा, परमेश्वर पटेल, कोमल गायकवाड़, मोहन लहरी, विनोद कोशले, गजानंद सिंगरौल. रितेश सिंगरौल, नरेन्द राजपूत, शिव कुमार कौशिक संजय त्रिपाठी, महेंद्र ठाकुर, रोहित मोहले महेद्र खरे, राकेश टंडन आदि उपस्थित रहे।

## सल्का नवगांव में लगा एनएसएस का शिविर

**करगीरोड कोटा।** शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशामुक्त समाज के लिए युवा वर्ग को प्रेरित करने सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सल्का नवगांव में आयोजित किया गया। शिविर का समापन कार्यक्रम सरपंच समलेश्वरी तंवर एवं उपसरपंच राजकुमार यादव के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि प्राचार्य प्रो. बीएल काशी के मार्गदर्शन में शिविर में सामुदायिक जागरूकता हेतु स्वास्थ्य एवं रक्त वर्ग परीक्षण शिविर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के सचिव राकेश सिंह सोरी के निर्देशन में विधिक सेवा जागरूकता शिविर, नव आस्था सेवा समिति के रिसोर्स पर्सन देवेंद्र नायक के निर्देशन में एचआईवी एड्स निवारण शिविर, डॉ. अमित दुबे के निर्देशन में कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम, अपोलो नर्सिंग कॉलेज बिलासपुर के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता कैम्पेन, डॉ. मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के द्वारा राष्ट्र के विकास में एनएसएस की भूमिका के साथ कृषि, स्वास्थ्य, वानिकी, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी विभिन्न विषयों की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत सिद्धबाबा दल्हा पहाड़ और सल्का बैराज ले जाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सल्का नवगांव की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों, ग्रामवासियों तथा रा.से.यो. स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत, लोकनृत्य करमा, पंथी, जस गीत, नशामुक्ति हेतु शिक्षाप्रद एवं हास्य नाटक आदि विविध कार्यक्रमों का मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य शासकीय उमा विद्यालय सल्का नवगांव पुरुषोत्तम सोनी थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. जेके द्विवेदी, प्रो. किशोर मिंज, एमएम खान, संतोष जायसवाल ने भारत के सर्वांगीण विकास के लिये युवाओं की सक्रिय सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक नितेश कौशिक एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने किया।



## ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष बने अजय



**मुंगेली।** ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष पद पर अजय कुमार दीवान पुनः निर्वाचित हुए। नवनियुक्त अध्यक्ष अजय कुमार दीवान द्वारा पंचायत सचिवों को आभार व्यक्त करते हुए सचिवों के शासकीयकरण एवं रुके हुए वेतन दिलाने हेतु विशेष पहल करने की बात कही गई। ब्लॉक सचिव संघ के अध्यक्ष पद का निर्वाचन 17 दिसंबर को निर्वाचन अधिकारी जिला अध्यक्ष सचिव संघ योगेश साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष लोरमी राजकुमार साहू एवं ब्लॉक अध्यक्ष पथरिया राजकुमार यादव, चित्रांगद जायसवाल, हरीश वैष्णव, रामेश्वर साहू, संतोष कौशिक की एवं 60 पंचायत सचिवों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें तीन उम्मीदवारों ने नाम निर्देशन फॉर्म भरा। नाम वापसी प्रक्रिया के तहत एक उम्मीदवार सचिव नर्मदा सिंह राजपूत ने अपना नाम वापस ले लिया। शेष दोनों प्रत्याशी में उपस्थित सचिवों ने मतदान किए। जिसमें अजय कुमार दीवान को 48 मत एवं मंसाराम कुर्रे को 11 मत मिले।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

2022......./ब-121/2021-22
पुष्कर प्रसाद साहू विरूद्ध छ.ग. शासन
ग्राम सरगांव

**- / / ईश्तहार/ /-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम सरगांव प.ह.नं. 12 तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवे. पुष्कर प्रसाद साहू पिता बोधराम साहू निवासी सरगांव तहसील सरगांव जिला मुंगेली राज्य (छ.ग.) द्वारा ग्राम सरगांव प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नं. 1715/2 का टुकडा रकबा 12 डिसमिल एवं 1915/2 का टुकडा 2977 वर्गफुट भूमि जिस पर निवास मकान एवं बाडी स्थित है। यह कि आवेदक के पक्ष में दिनांक 16/10/2020 को वसियतकर्ता धनसिंह साहू पिता लोकनाथ साहू द्वारा उप पंजीयक कार्यालय मुंगेली एस आर के समक्ष उपस्थित होकर नियमानुसार गवाहों के साथ वसियतनामा दिनांक 16/10/2020 को आवेदक पुष्पकर प्रसाद साहू के पक्ष में निष्पादित किया है। राजस्व दस्तावेजो के आधार पर वसियतनामा का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हों, वे अपना आपत्ति/दावा इस न्यायालय में दिनांक 26/12/2023 को समय 03:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने वाली आपत्ति/दावा पर इस न्यायालय में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सरगांव**

### आम सूचना

मैं तर्शीश पॉल पिता सुक्रान्त पॉल सूचना प्रकाशित करता हूँ कि श्री शैलेश देवांगन पिता जागेश्वर प्रसाद देवांगन कि भूमि ग्राम पेण्डारी पटवारी हलका नम्बर 47 पर तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 733/5 में का 900 sq. feet प्लॉट नम्बर 52 का रजिस्ट्री सात दिवस के अंदर क्रेता के नाम पर निष्पादन किया जाना है इस भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा /आपत्ति हो तो मेरे मोबाईल नम्बर 9753370310,8319253329 में सम्पर्क करें।

सात दिवस के बाद कोई भी दावा/आपत्ति नजायज माना जाएगा।

सूचनार्थ सो जाने

**तर्शीश पॉल**
**-: पता :-**
**शरन नगर तखतपुर,**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**पिन - 495330**
**मो.9753370310,831925339**

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।